


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 222

ग्वालियर, सोमवार 02 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# प. बंगाल में आंधी के साथ तेज बारिश ने बरपाया कहर

## अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आंधी और बारिश से जुड़ी घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। शनिवार शाम कोलकाता सहित बंगाल के दक्षिणी जिलों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में बिजली गिरने से 1 महिला और उसके बेटे की मौत हो गई है। खड़गपुर में बांस का गेट गिरने से 1 व्यक्ति की मौत हो गई। आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए। बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। पश्चिम बंगाल में ऐसी स्थिति को काल बैसाखी कहते हैं। बांग्लादेश में भी भीषण तूफान को काल बैसाखी कहते हैं।

नदिया जिले में आंधी के कारण पेड़ की डाल टूटकर गिरने से रवींद्रनाथ प्रमाणिक (62) नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति आंधी की चपेट में आकर घायल हो गया। दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालूरघाट में तेज आंधी तूफान की वजह से कई गांवों में भारी नुकसान



पहुंचा है। इधर, पूर्व बर्धमान जिले के कटवा-अजीमगंज शाखा में रेल पटरी के उपर ओवरहेड तार पर पेड़ की टकनी गिरने की वजह से ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई। हालांकि राजधानी कोलकाता में वैसी बारिश नहीं हुई है। कोलकाता व इसके आसपास के जिलों हावड़ा, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना व हुगली में हल्की बारिश हुई है। विभिन्न जिलों में शनिवार को आसमान में काले बादल छाए रहे। पुरुलिया, बांकुडा, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दुर्गापुर व बर्धमान जिले में भी तेज हवा के साथ बारिश हुई। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राज्य में छिटपुट बारिश जारी रहेगी और भीषण गर्मी में थोड़ी कमी आएगी। राज्य में फिर से चक्रवात आने की संभावना है।

मौसम विभाग ने मई के पहले सप्ताह में चक्रवात के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस समय दक्षिण बंगाल में दक्षिण-पश्चिमी हवा चल रही है, जो उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल तक गंगीय क्षेत्र में एक निम्न दबाव बना रही है। इसके प्रभाव से राज्य में अगले 4 से 5 दिनों तक हल्की और तेज बारिश की संभावना है। कोलकाता व आसपास के जिलों में भी बारिश की संभावना है।

## अप्रैल ने मई जून की तरह तपाया, गर्म हवाओं धूल भरी आंधी ने किया बेहाल



**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी ने मार्च-अप्रैल में ही लोगों को बेहाल कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार देश के मध्य और उत्तर पश्चिम हिस्से में चल रही गर्म हवाओं का दौर 2 मई तक जारी रहेगा। वहीं 2-4 मई तक हरियाणा-चंडीगढ-दिल्ली के कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी चलने की आशंका जताई गई है। हालांकि रविवार, 1 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर पर सक्रिय है। छत्तीसगढ से लेकर लक्षद्वीप तक एक ट्रफ लाइन है। वहीं उत्तर भारत में नए पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा। इस मौसम प्रणाली के असर से अधिकतम तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। ट्रफ लाइन दो तरह से बनती है। जब यह समुद्र की सतह पर बनती है तो कम दबाव के क्षेत्र को एक लाइन के रूप में विस्तार देती है। इस लाइन को ही ट्रफ लाइन कहा जाता है। इसी तरह यह लाइन जब हवा के ऊपरी भाग में बनती है, तो यह चक्रवाती हवाओं को एक लाइन के रूप में विस्तार देती है। किसी भी ट्रफ लाइन के नीचे एवं ऊपर हवा की दिशा अलग-अलग होती है, जो तरंग के रूप में चलती है। रविवार को न्यूनतम तापमान औसत से थोड़ा अधिक ही दर्ज किया गया। आज यहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक जाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के आसमान में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे।

# डीयू में बोले, उपराष्ट्रपति नायडू- बच्चों की शुरूआती शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए

**नई दिल्ली।** देश के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मातृभाषा की वकालत करते हुए रविवार को कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। नायडू ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को हमारी संस्कृति पर भी ध्यान देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, यदि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में दी जाए तो वे उसे आसानी से समझ सकेंगे। लेकिन, यदि प्रारंभिक शिक्षा किसी अन्य भाषा में दी जाती है, तो पहले उन्हें वह भाषा सीखनी होगी और फिर वे समझेंगे।% उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को पहले अपनी मातृभाषा सीखनी चाहिए और फिर दूसरी भाषाएं सीखनी चाहिए। नायडू ने कहा, सभी को अपनी मातृभाषा में प्रवीण होना चाहिए और उससे संबंधित मूल विचारों का बोध



होना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू शताब्दी समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जबकि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर सौ रुपये का एक स्मारक सिक्का, एक स्मारक शताब्दी टिकट और दिल्ली विश्वविद्यालय के अब तक के सफर को प्रदर्शित करने वाली एक स्मारक शताब्दी पुस्तिका भी जारी की। नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को एक कार्यक्रम में की गयी उस टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें अदालतों में स्थानीय भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया था। उन्होंने कहा, कल प्रधानमंत्री मोदी ने अदालतों में स्थानीय भाषाओं की आवश्यकता के बारे में भी बात की थी। केवल अदालतें ही क्यों, इसे हर जगह लागू किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय को 100 साल पूरे करने पर बधाई

# श्रम दिवस पर यूपी के साढ़े 11 लाख पेंशनरों को सीएम योगी की बड़ी सौगात

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रम दिवस पर यूपी के साढ़े 11 लाख से अधिक पेंशनरों को ईज ऑफ लिविंग की बड़ी सौगात दी है। सीएम योगी ने इस दौरान लखनऊ के लोकभवन स्थित सभागार में पेंशनरों के लिए बनाई गई ऑनलाइन सेवा पोर्टल का शुभारंभ भी किया। सीएम योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश ई-पेंशन देश का पहला राज्य बन गया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने 31 मार्च 2022 को रिटायर हुए 1220 पेंशनरों के खातों में पेंशन हस्तांतरित की। सीएम योगी ने यहां पर श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने प्रदेश के पेंशनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी ओर से प्रदेश की उन्नति में दिये गये योगदान के लिए आपका पेंशनभोगी के रूप में नहीं पेंशनयोगी रूप में सम्मान होना चाहिये।



सीएम योगी ने कहा कि आपने जो योगदान दिया है उस योगदान के प्रति शासन और आपके स्वयं के कंट्रीब्यूशन का प्रतिफल आपको प्राप्त हो रहा है। यह सचमुच उसी रूप में आगे भी बढ़ाना चाहिए। अच्छी सोच हमें आगे बढ़ाती है। अच्छी सोच के साथ राज्य सरकार ने आपके लिए ई-पोर्टल व्यवस्था को शुरू किया है। मृतक आश्रितों के लिए भी इस तरह का पोर्टल बनाने की जरूरत है। यह आज की आवश्यकता है। व्यक्ति के जीवन का सरलीकरण करने में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के स्तर पर प्रयास शुरू हों। जिससे मृतक कर्मी को उसका देय देने के साथ उसके परिवारीजनों को नौकरी देने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम करें। सीएम योगी ने कहा कि ई-आफिस के साथ जोड़ते हुए हरके विभाग को अपनी योजनाओं को जनता के बीच ले जाना चाहिये। योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति देख सके। उसका स्मार्ट फोन उसको दिखा देगा कि योजनाओं में क्या हो रहा है। कैसे उसका लाभ लिया जा सकता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में पांच साल के दौरान तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रदेश के 24 से 25 करोड़ के लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने की अच्छी मंशा से काम शुरू किया।

# कोयले की कमी के कारण बिजली संकट ने तोड़ा 6 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी के बीच कोयले के संकट से बिजली संकट गहरा गया है। पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉरपरेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में बीते छह वर्षों में पहली बार इस तरह का बिजली संकट हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार देश में अप्रैल-2022 के पहले 27 दिन में मांग की तुलना में 1.88 बिलियन यूनिट बिजली का संकट रहा है जिसने बीते छह साल के बिजली संकट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार को देश में 2,07,11 मेगावॉट बिजली की मांग रही जिसने अबतक के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। 26 अप्रैल को बिजली आपूर्ति की तुलना में मांग



इतनी अधिक हो गई थी कि देश में 8.22 गीगावॉट बिजली का संकट हो गया था। ऊर्जा मंत्रालय की मानें तो इस वर्ष मार्च में बिजली की मांग में 8.9 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यही नहीं मंत्रालय का कहना है कि बिजली की मांग ऐसे ही जारी रही तो मई- जून में बिजली की मांग 215 से 220 गीगावॉट हो सकती है। कोयला संकट के कारण हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर समेत अन्य राज्यों में बिजली का संकट अधिक है। मालूम हो कि पिछले साल अक्तूबर में भी इसी तरह का बिजली संकट गहराया था। हालांकि इस बार स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई है क्योंकि देश के अधिकतर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में संकट के कारण कई घंटों की कटौती की जा रही है। ओडिशा में कोयले के अभाव में एनटीपीसी का एक संयंत्र बंद है जिससे 800 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है बिजली संकट पर कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ का दावा है कि देश के 173 ऊर्जा संयंत्रों में से 106 के पास 25 फीसदी से कम कोयले का भंडार है।

## जनरल नरवणे ने में देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत बनाने में दिया अहम योगदान : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जनरल एम एम नरवणे ने थल सेना प्रमुख के अपने कार्यकाल के दौरान भारत की रक्षा क्षमताओं और तैयारियों को मजबूत करने में योगदान दिया। उनके कार्यकाल को पूर्वी लद्दाख में उत्तरी विरोधी को करारा जवाब देने और भविष्य के युद्धों को लड़ने में



विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को अपनाने के अलावा रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता की ओर प्रयास करने के लिए याद किया जाएगा। जनरल नरवणे सेना के 42 साल के लंबे उत्कृष्ट करियर के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। नरवणे का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, जनरल मनोज पांडे 29वें थल सेना प्रमुख बने हैं। रक्षामंत्री ने ट्वीट किया कि थल सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के साथ शानदार बैठक हुई, जो 42 साल राष्ट्र की सेवा करने के बाद आज सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। जनरल नरवणे ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की, जो सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनका कार्यकाल कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय सेना के कर्मियों को स्वस्थ रखने, पूर्वी लद्दाख में उत्तर की ओर से मिली चुनौती का मजबूत जवाब देने और भविष्य के युद्धों से लड़ने में विशिष्ट प्राद्योगिकियों को अपनाने के अलावा आत्मनिर्भरता की ओर प्रयास करने के लिए याद किया जाएगा।

# 3 देशों की यात्रा से पहले पीएम मोदी बोले कई चुनौतियों का सामना कर रहा है यूरोप



**नई दिल्ली।** डेनमार्क, जर्मनी और फ्रांस की अपनी तीन दिवसीय यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह ऐसे समय में यूरोप की यात्रा कर रहे हैं जब यह क्षेत्र कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। पीएम मोदी 2 मई को तीन देशों के दौरे पर रवाना होंगे। इस साल उनकी यह पहली विदेश यात्रा है। यह यात्रा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद हो रही है। पीएम मोदी ने एक बयान में कहा, ÷मेरी यूरोप यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब यह क्षेत्र कई चुनौतियों और विकल्पों का सामना कर रहा है। अपनी व्यस्तताओं के माध्यम से मैं अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ सहयोग की भावना को मजबूत करने का इरादा रखता हूं, जो भारत की शांति और समृद्धि की खोज में महत्वपूर्ण साथी हैं। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री 2 मई को जर्मनी पहुंचेंगे। पीएम मोदी बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और दोनों नेता भारत-जर्मनी अंतर सरकारी परामर्श (आईजीसी) का छठे संस्करण की सह-अध्यक्षता करेंगे। कई भारतीय मंत्री भी उस दिन जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे और अपने जर्मन समकक्षों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, मैं इस आईजीसी को जर्मनी में नई सरकार के गठन के छह महीने के भीतर एक शुरुआती जुड़ाव के रूप में देखता हूं, जो मध्यम

## मास्टरमाइंड बरजिंदर सिंह परवाना गिरफ्तार

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में हुई हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबर है कि आरोपी विस्तारा फ्लाइट के जरिए मुंबई से सुबह 7.20 बजे मोहाली पहुंचा था। यहां सीआईए की टीम ने एयरपोर्ट से उसे गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पटियाला में खालिस्तान विरोधी रैली के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई थी। उस दौरान करीब 4 लोग घायल हो गए थे। खबर है कि परवाना सिख समूह दमदमी टकसाल राजपुरा का प्रमुख है। इससे पहले भी उसपर सोशल मीडिया के जरिए उग्रवाद भड़काने के आरोप लग चुके हैं। साथ ही वह यूएपीए और सन 1984 के दंगों को लेकर भी अपने बयानों के चलते चर्चा में रहा था। पटियाला हिंसा मामले में अब तक 6 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।

## ईद से पहले बम धमाकों से अफगानिस्तान दहला काबुल में एक महिला की मौत, तीन जख्मी

**काबुल।** तालिबानी राज के बाद अफगानिस्तान में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। राजधानी काबुल में बीते 48घंटों के दौरान दो शक्तिशाली बम धमाकों की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। काबुल में शनिवार को हुए विस्फोट में एक महिला के मारे जाने की खबर है। वहीं तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, देश में ईद के



त्यौहार से पहले सिलसिलेवार धमाकों की वारदातों ने जश्न के माहौल को मातम में बदल दिया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को काबुल में चुंबकीय बम का इस्तेमाल करके धमाके को अंजाम दिया गया। अफगान पुलिस प्रवक्ता खालिद जादरान ने ट्वीट कर बताया कि, काबुल में चुंबकीय बम का इस्तेमाल कर किए गए धमाके में एक महिला की मौत हुई है और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। धमाके के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान अफगानिस्तान में हुई धमाकों की श्रृंखला ने पूरे देश को हिला दिया है। शुक्रवार को ही जुमे की नमाज के बाद मस्जिद में धमाके को अंजाम दिया गया था। जिसमें करीब 10 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। वहीं मजार-ए-शरीफ में गुरुवार को बल्ख प्रांत में दो विस्फोट हुए, जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए। एक धमाका एक शैक्षणिक संस्थान के पास किया गया, जबकि दूसरा धमाका एक वाहन में किया गया। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह ने दोहरे विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा सत्ता कब्जा करने के बाद से सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हुई है। जिसको विश्व समुदाय से उसे भारी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## खास खबर

### अलीगढ़ में भीषण हादसा, बेकाबू ट्रक ने सात लोगों को रौंदा, चार की घटनास्थल पर ही मौत

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में सड़क किनारे ठेला लगाने वाले फल विक्रेता और पास स्थित एक चाय की दुकान पर बैठे छह अन्य लोगों को एक बेकाबू ट्रक रौंदता चला गया। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वालों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने बताया कि क्वार्सी के नगला पटवारी के पास चाय की दुकान पर कुछ लोग बैठे थे। सड़क किनारे फल का एक ठेला लगा था। इसी बीच एक बेकाबू ट्रक आया और सभी लोगों को अपनी चपेट में लेते हुए रौंदता निकल गया। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। हादसे की खबर पाकर पुलिस भी जल्दी ही मौके पर पहुंच गई। हादसे में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के दो कर्मचारियों से चार लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### मनरेगा का बकाया नहीं चुकाने पर ग्राम प्रधानों ने दी कार्य बहिष्कार की धमकी

**वाराणसी।** ग्राम प्रधानों द्वारा काम का बहिष्कार करने की धमकी के बाद, वाराणसी के जिलाधिकारी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (ग्रामीण विकास और पंचायती राज) को मनरेगा योजना के तहत बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार से योजना के तहत कार्यों के निष्पादन में आने वाली समस्याओं से बचने के लिए जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान किए जाने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, ग्राम प्रधानों के निकाय ने सामग्री और मजदूरों के साथ वित्तीय वर्ष 2021-22 की मजदूरी 13191 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने पर जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के कार्यों का बहिष्कार करने की धमकी दी है। आरपीआरजीपीएस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने जिला प्रमुख राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगों का चार्टर प्रस्तुत किया।

### हमें एक मौका दे दो अगर स्कूल ठीक नहीं कर दिए तो भगा देना गुजरात में बोले केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को गुजरात के भरूच में आदिवासी संकल्प महासम्मेलन में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजपी और कांग्रेस पार्टी सिर्फ अमीरों को अमीर बना रही है, लेकिन मैं आपको कहता हूं कि हमें एक मौका दे दो हम आपकी गरीबी दूर कर देंगे। केजरीवाल ने कहा कि हम लोग आपके साथ खड़े हैं और हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, ÷मैं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को आमंत्रित करता हूं कि वो हमारे दिल्ली की सरकारी स्कूल देखें। 27 साल से गुजरात में बीजेपी की सरकार है और 27 साल में उन्होंने यहां के स्कूल का बुरा हाल कर दिया। इन्हें और 5 साल दे दो फिर भी यहां कुछ नहीं होगा। हमें एक मौका दे दो हमने अगर 5 साल में यहां के सभी स्कूल ठीक नहीं किए तो हमें यहां से भाग दीजिएगा।

## न्यूज़ ट्रैक....

### बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा, शायद ही कभी गौतम गंभीर को मुस्कुराते देखा हो

**मुंबई** । लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज मनीष पांडे ने हाल ही में खुलासा किया हैं कि गौतम गंभीर के तहत खेलना कैसा लगता है, जो मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2022) में टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं। मनीष पांडे ने कहा कि गौतम गंभीर काफी गंभीर चरित्र वाले हैं। पांडे ने कहा कि उन्होंने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था जब वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे। पांडे ने सुझाव दिया कि खिलाड़ी संकट की स्थिति में गंभीर से दूर रहें। हालांकि उन्होंने कहा कि पूर्व क्रिकेटर टीम में सभी की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। मनीष पांडे ने कहा कि वह अब बूढ़े हो रहे है। हम जानते हैं कि उन कपड़ों के पीछे कुछ है। मैं कुछ साल पहले केकेआर में उसके साथ खेला था और उन्हें शायद ही कभी मुस्कुराते हुए देखा हो। कठिन समय में हमें उससे दूर रहना पड़ता है। लेकिन वह हमेशा टीम के साथ रहते है, लड़कों की मदद करते हैं। वह काफी गंभीर लड़का है।


### शुभमन गिल ने ट्वीट कर एलन मस्क को टैग किया

**मुंबई** । क्रिकेटर शुभमन गिल ने इंटरनेट पर ऐसी टिप्पणी कर दी जिसके वायरल होने में बिलकुल भी देर नहीं लगी। भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे गिल ने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को टैग करके ट्वीट किया और उनसे अनुरोध किया कि वह खाने का ऑर्डर लेने और डिलिवरी कंपनी स्विगी को भी खरीद लें। हालांकि इस ट्वीट का कंपनी की ओर से भी जवाब आया। गिल ने ट्वीट किया, एलन मस्क, कृपया स्विगी को भी खरीद लें ताकि वे समय पर डिलिवरी कर सकें। कंपनी ने पहले गिल को टैग कर उन्हें डायरेक्ट मेसेज पर उनके ऑर्डर की डीटेल मांगी। यह जानकारी मिलने के बाद कंपनी की ओर से गिल को शुक्रिया भी अदा किया गया। गिल के इस ट्वीट पर काफी मजेदार जवाब भी आए। स्विगी के पैरोडी अकाउंट से ट्वीट किया गया, हम अब भी टी-20 क्रिकेट में आपकी बल्लेबाजी से ज्यादा तेज हैं। शुभमन गिल के इस ट्वीट को 2331 बार रीट्वीट किया जा चुका था। वहीं 44 हजार से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं।

### नाइट राइडर्स ग्रुप लास एंजिलिस में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कर रहा

**लॉस एंजिलिस** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का स्वामित्व रखने वाले नाइट राइडर्स ग्रुप (केआरजी) ने घोषणा की कि वे मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के समर्थन से लास एंजिलिस में एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कर रहे हैं। यहां 2028 में होने वाले ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। छह साल बाद होने वाले ग्रीष्मकालीन खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जा सकता है। यह क्रिकेट स्टेडियम 15 एकड़ जमीन पर बनेगा। बॉलीवुड सुपरस्टार और केआरजी के सह-मालिक शाहरुख खान ने कहा कि अमेरिका में एमएलसी में हमारा निवेश वहां क्रिकेट के रोमांचक भविष्य में हमारे विश्वास पर आधारित है। यह टी20 क्रिकेट में नाइट राइडर्स को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि लॉस एंजिल्स क्षेत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की योजना हमारे और एमएलसी के लिए रोमांचक है।

# टीम इंडिया की बेहतर तेज गेंदबाज की आस पूरी कर सकते है यश दयाल व अर्शदीप









**मुंबई** । टीम इंडिया बाएं हाथ के बेहतर तेज गेंदबाज की अत्यंत आवश्यकता है। अब ऐसा लग रहा है कि यह तलाश अब पूरी हो जाएगी। दरअसल, आईपीएल के इस सीजन में कई देसी खब्बू पेसर जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें रविंद्र जडेजा की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स, हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस से लेकर दिल्ली कैपिटल्स तक के खिलाड़ी शामिल हैं। बल्लेबाजों का टूर्नामेंट माने जाने वाले इस लीग में युवा गेंदबाजों की भी खूब तूती बोल रही है। उनकी आग बरसाती गेंदों का हर कोई कायल हो रहा है। बाएं हाथ के गेंदबाजों का बोलबाला है। कुछ पुराने तो कुछ युवा सनसनी भी देखने को मिल रहे हैं। उनमें चेन्नई सुपर किंग्स के मुकेश चौधरी, गुजरात टाइटंस के यश दयाल सहित कुछ अहम नाम शामिल हैं। माना जा रहा है कि अगर ये खिलाड़ी इसी तरह से परफॉर्म करते रहे तो भारत को अगला %जहीर खान% मिल सकता है, जिसकी टीम इंडिया को लंबे समय से तलाश है।

मुकेश चौधरी, सीएसके- सबसे पहले बात करेंगे मुकेश चौधरी की। राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला यह खिलाड़ी डोमेस्टिक क्रिकेट में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है। अधिकतर क्रिकेट फैंस शायद ही आईपीएल के इस सीजन से पहले उनका नाम जानते रहे होंगे। मुकेश के पास गति और स्विंग दोनों है। इसका उन्होंने इस्तेमाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ खूब किया था। उन्होंने पहले ओवर में कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन और अपने दूसरे ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करते हुए सीएसके की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। दीपक चाहर की गैरमौजूदगी में वह टीम के प्रमुख हथियार हैं।

खलील अहमद, डीसी- खलील अहमद के लिए आईपीएल2019 जबर्दस्त रहा था। उन्होंने इस सीजन में 9 मैच खेलते हुए 19 विकेट चटकाए थे। इस सीजन में वह दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। इस सीजन में खलील ने 6 मैच खेलते हुए 11 विकेट झटके हैं और पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हैं। मुंबई, पंजाब और गुजरात के खिलाफ 2-2, जबकि केकेआर के खिलाफ 3 विकेट झटकते हुए अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है।

यश दयाल, जीटी - अंडर-19 का यह स्टार पेसर आईपीएल में भी खूब नाम कमा रहा है। दयाल ने गुजरात टाइटंस के लिए अब तक मिले 4 मौकों को दोनों हाथों से भुनाया है। उनके नाम 7 विकेट हैं। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ 3, कोलकाता के खिलाफ 2 और चेन्नई के खिलाफ एक विकेट झटका था। हालांकि, थोड़ा खर्चीले साबित हुए थे। उन्हें रन गति पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है।

टी नटराजन, एसआरएच - बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नटराजन ने भी जबर्दस्त वापसी की है। उन्होंने सीजन में अब तक 8 मैचों में 15 विकेट झटके हैं और पर्पल कैप की रेस में शामिल हैं। भारत के लिए खेल चुका यह खिलाड़ी लंबे समय से टीम से बाहर है।

अर्शदीप सिंह, पीबीकेएस- पंजाब किंग्स ने इस खब्बू गेंदबाज को 4 करोड़ देकर रिटेन किया था। अर्शदीप सबसे अधिक प्रभावित करने वाले बाएं हाथ के गेंदबाजों में शामिल हैं। इयान बिशप और डेनियल विटोरी ने तो यहां तक कहा है कि यह खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 में भारतीय टीम में खेल सकता है।

चेतन साकरिया, डीसी - खलील अहमद की मौजूदगी में शुरुआत में चेतन को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी। उन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ जब टीम में शामिल किया गया तो उन्होंने सीजन के पहले ही ओवर में धाकड़ बल्लेबाज आरोन फिंच को क्लीन बोल्ड कर दिया। चेतन ने 3 ओवर में 17 रन खर्च किए और एक विकेट निकाला। उनका पिछला सीजन अच्छा रहा था। इसलिए उन्हें श्रीलंका दौरे पर गई टीम में उन्हें शामिल किया गया था। 2021 में इस दौरे पर चेतन ने वनडे और टी20 डेब्यू किया।

# विराट और रोहित फिर फॉर्म में, जल्द बनाने लगेंगे अच्छे रन

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व टीम इंडिया कप्तान सौरभ गांगुली को उम्मीद है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा फिर फार्म में लौट आएंगे। हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग 2022 बहुत अच्छा नहीं रहा है। दोनों ने अभी तक इस सीजन में कोई भी बड़ी पारी नहीं खेली है। लेकिन फैंस को उम्मीद है कि वे जल्द ही अपने रंग में लौटेंगे। कोहली और रोहित की इस सीजन में खराब फॉर्म काफी चर्चा में है। इन दोनों स्टार खिलाड़ियों की खराब फॉर्म पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने अपनी राय रखी है। गांगुली ने उम्मीद जताई कि ये दोनों स्टार जल्द ही रंग में लौट आएंगे। सौरभ ने कहा, %वे महान खिलाड़ी हैं और मुझे पूरा यकीन है कि वे जल्द ही फॉर्म में लौटेंगे। मुझे उम्मीद है वे जल्द ही रन बनाने लगेंगे। मुझे नहीं पता कि विराट कोहली क्या सोच रहे हैं लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि वे जल्द ही अपनी फॉर्म हासिल करेंगे और अच्छे रन बनाएंगे। वह महान खिलाड़ी हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने नौ मैचों में सिर्फ 128 रन बनाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 16 का रहा है। वहीं मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला भी शांत ही है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित ने आठ मैचों में 19.13 के औसत से 153 रन बनाए हैं। दोनों ही खिलाड़ी इस सीजन में हाफ सेंचुरी भी नहीं बना पाए हैं। इस बीच, गांगुली ने कहा कि वह आईपीएल 2022 को काफी करीब से देख रहे हैं। इसके साथ ही जिस तरह दो नई फ्रैंचाइजी ने प्रदर्शन किया है उससे वह काफी प्रभावित हैं। गांगुली ने कहा, %ओह, यह काफी रोमांचक है। मैं आईपीएल देख रहा हूं। कोई भी टीम जीत सकती है और हर कोई अच्छा खेल रहा है। दो नई टीमें गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायटंस- अच्छा खेल रही हैं।% गुजरात टाइटंस आईपीएल के इस सीजन में शानदार खेल दिखा रही है। टीम ने अभी तक 8 में से सात मैच जीते हैं और 14 अंकों के साथ वह टॉप पर है।

### जडेजा ने खेल पर ध्यान देने कप्तानी छोड़ी : सीएसके

**नई दिल्ली** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने कहा है कि रवींद्र जडेजा ने अपने खेल पर अधिक धयान देने के लिए सीएसके की कप्तानी छोड़ी है। जडेजा को 15 वें सत्र के ठीक पहले कप्तान बनाया गया था पर टीम को लगातार मिली हार के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी। ऐसे में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को फिर कप्तानी सौंपी गयी है। माना जा रहा है कि सीएसके के प्रमोटर और प्रबंधन जडेजा के अब तक के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे और इसी वजह से उन्हें कप्तानी छोड़नी पड़ी। एक रिपोर्ट के अनुसार जडेजा मैदान पर लय में नहीं दिखे। उनकी कप्तानी में भी सही नहीं थी। उनमें आत्मविश्वास की कमी भी नजर आयी। यह उनके बॉडी लैंग्वेज से भी दिख रहा था। जडेजा की नेतृत्व क्षमता पर भी कई दिग्गजों ने भी सवाल उठाये थे। आईपीएल शुरू होने से दो दिन पहले ही धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ी थी और तब उनकी जगह जडेजा को टीम का नया कप्तान बनाया गया था। तब हर कोई इस फैसले से हैरान था क्योंकि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में शामिल थे। अचानक मिली कप्तानी के दबाव का असर जडेजा पर साफ दिखा और एक खिलाड़ी और कप्तान दोनों के रूप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसी वजह से सीएसके पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर है और उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी बेहद कम हैं। माना जा रहा है कि जडेजा ने कप्तानी का जरूरत से ज्यादा दबाव अपने पर ले लिया।

# आईपीएल में सही ओपनिंग जोड़ी को लेकर जूझ रही केकेआर

मुंबई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में सही ओपनिंग जोड़ी ढूंढने में जूझ रही है। लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा कि ऐसा करने में खिलाड़ियों को बाहर करके बदलाव करना आदर्श नहीं है। केकेआर ने इस चरण में चार अलग-अलग सलामी जोड़ियों का इस्तेमाल किया है। लेकिन टीम को इससे कोई फायदा नहीं मिला, क्योंकि टीम को गुरूवार को लगातार पांचवीं पराजय का सामना करना पड़ा, जिससे वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर ही है।

साउदी ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली चार विकेट की हार के बाद कहा, यह मुश्किल होता है, जब आप जितनी जीत दर्ज करना चाहते हो, उन्हें हासिल नहीं कर पाते। बड़ी नीलामी के बाद हम अब भी अपना सही संयोजन ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। हमने सलामी जोड़ी के लिये कुछ संयोजन इस्तेमाल किए हैं और आईपीएल में कोई बुरे खिलाड़ी नहीं है, ये सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जिन खिलाड़ियों ने पारी का आगाज किया, वे भी शानदार खिलाड़ी थे। इसलिये यह सिर्फ फॉर्म हासिल करने की बात है और जो फॉर्म हासिल कर ले, उसके साथ खेलने की।

साउदी ने कहा, खिलाड़ियों को बाहर करना और उनकी जगह किसी अन्य को शामिल करना आदर्श स्थिति नहीं है। लेकिन जब आप ज्यादा मैच जीत नहीं रहे होते तो ऐसा होता है। अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर ने पहले पांच मैचों में पारी का आगाज किया, लेकिन इनके असफल रहने पर केकेआर के पिछले चार मैचों में तीन अलग-अलग बैटिंग जोड़ी का इस्तेमाल किया है। इसमें सुनील नारायण, आरोन फिंच और सैम बिलिंग्स शामिल थे। बता दें कि केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब टीम में बार-बार बदलाव के हक में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों पर भरोसा जताना जरूरी है।अय्यर ने कहा कि हम अब बहुत बदलाव नहीं करने वाले है। खिलाड़ियों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। हम अगले पांच मुकाबलों में आक्रामक क्रिकेट खेलना होगा।

## व्यापार न्यूज

### विमान ईंधन की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली** । विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत ?रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। इसकी कीमतों में 3.22 प्रतिशत की और वृद्धि की गई है। इस साल विमान ईंधन कीमतों में यह नौवीं बढ़ोतरी है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में उछाल आया है, जिसका असर विमान ईंधन पर भी पड़ा है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ की कीमतों में 3,649.13 रुपए प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ का दाम 1,16,851.46 रुपए प्रति किलोलीटर पर पहुंच गया है। इस बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार 25वें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले वाहन ईंधन के दामों में रिकॉर्ड 10-10 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। विमान ईंधन की कीमतों में हर महीने की पहली और 16 तारीख को संशोधन किया जाता है। वहीं पेट्रोल और डीजल कीमतों में अंतरराष्ट्रीय बाजारों के दामों के अनुरूप प्रतिदिन संशोधन होता है। इससे पहले 16 मार्च को एटीएफ के दाम 17,135.63 रुपए प्रति किलोलीटर बढ़ाए गए थे। वहीं एक अप्रैल को भी विमान ईंधन दो प्रतिशत या 2,258.54 रुपए प्रति किलोलीटर महंगा हुआ था। 16 अप्रैल को इसकी कीमतों में मामूली 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मुंबई में एटीएफ का दाम अब 1,15,617.24 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है। कोलकाता में यह 1,21,430.48 रुपए और चेन्नई में 1,20,728.03 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है।

### सीसीपीए ने वायरलैस जैमर की गैरकानूनी बिक्री पर ई-कॉमर्स कंपनियों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली** । उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने उपभोक्ता संरक्षण नियामक केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सामान्य उपभोग के लिए वायरलेस जैमर की गैरकानूनी बिक्री करने पर ई-वाणिज्य कंपनियों को परामर्श जारी किया है। इससे पहले दूरसंचार विभाग ने ऑनलाइन मंचों पर वायरलेस जैमर गैरकानूरी तरीके से उपलब्ध करवाने और उनकी बिक्री के खिलाफ 21 जनवरी 2022 को परामर्श जारी किया था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भी 26 अप्रैल को सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को किसी भी तरह के मोबाइल जैमर की खरीद एवं बिक्री के खिलाफ सरकार के नियमों एवं कानूनों का पालन करने को कहा था। सीसीपीए ने कहा ?कि सीसीपीए के संज्ञान में आया है कि आधिकारिक दूरसंचार और वायरलैस नेटवर्क में व्यवधान डालने की क्षमता रखने वाले वायरलेस जैमर को ई-कॉमर्स मंचों द्वारा बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। सामान्य उपयोग के लिए इनकी बिक्री या इस्तेमाल गैरकानूनी है।

### सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग का दूसरा चरण एक जून से

**नई दिल्ली** । सरकार ने कहा कि सोने के आभूषण और कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का दूसरा चरण जून से शुरू होगा। यह 16 जून 2021 तक स्वैच्छिक था जिसके बाद सरकार ने सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय लिया। पहले चरण में देश के 256 जिलों को इसके दायरे में लाया गया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग के दूसरे चरण के दायरे में स्वर्ण आभूषणों के तीन अतिरिक्त कैरेट (20, 23 और 24 कैरेट) के अलावा 32 नए जिले आएंगे, जहां पहले चरण के क्रियान्वयन के बाद एक 'परख एवं हॉलमार्क केंद्र (एएचसी) स्थापित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस संबंध में आदेश अधिसूचित कर दिया है और एक जून, 2022 से यह लागू हो जाएगा। उसने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 23 जून, 2021 से देश के 256 जिलों में सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग सफलतापूर्वक लागू की जहां हर दिन हॉलमार्क विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी) के साथ 3 लाख से अधिक स्वर्ण आभूषणों पर हॉलमार्क लगाया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार बीआईएस के एक प्रावधान के तहत सामान्य उपभोक्ता भी बीआईएस द्वारा मान्यताप्राप्त एएचसी पर सोने के आभूषण की शुद्धता की जांच करा सकता है।

# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में भारतीय बाजारों से 17,144 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली** । भारतीय बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी अप्रैल में लगातार सातवें महीने जारी रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में वृद्धि की आशंका के बीच एफपीआई ने अप्रैल में भारतीय शेयर बाजारों से 17,144 करोड़ रुपए निकाले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस अलावा निकट भविष्य में धारणा में उतार-चढ़ाव कायम रहेगा। वैश्विक स्तर पर आक्रामक दरों से ब्याज दरों में बढ़ोतरी तथा क'चे तेल की ऊंची कीमतों से धारणा प्रभावित रहेगी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अप्रैल तक बिकवाल रहे हैं और उन्होंने शेयरों से 1.65 लाख करोड़ रुपए की भारी राशि निकाली है। इसकी प्रमुख वजह अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि की आशंका और यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पैदा हुआ भू-राजनीतिक संकट है। लगातार छह महीने की बिकवाली के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 7,707 करोड़ रुपए का निवेश किया था लेकिन उसके बाद कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह 11 से 1× अप्रैल के दौरान उन्होंने फिर बिकवाली की। उसके बाद के हफ्तों में भी उनका बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 17,144 करोड़ रुपए निकाले हैं।

हालांकि, यह मार्च के 41,12 करोड़ रुपए की निकासी के आंकड़े से कम है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने मई में ब्याज दरों में आधा प्रतिशत की वृद्धि का संकेत दिया है। यह एक प्रमुख वजह है कि एफपीआई भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि एफपीआई अप्रैल में शुद्ध बिकवाल बने रहे। इसकी प्रमुख वजह फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक तरीके से बढ़ोतरी की आशंका है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की आशंका ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। इसकी वजह से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं और वे भारत जैसे उभरते बाजारों में निवेश को लेकर देखो और इंतजार करो की नीति अपना रहे हैं।

### अप्रेल से जून में एप्पल को चीन में 61,000 करोड़ का नुकसान

**सैन फ्रांसिस्को** । चीन में कोविड-19 की वजह से लॉकडाउन चल रहा है। ऐसे में अमेरिकी टेक कंपनी ऐपल को जोरदार नुकसान उठाना पड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल से जून के दौरान कंपनी ने 8 बिलियन डॉलर (61,000 करोड़ रुपए) के नुकसान का अनुमान जताया है। गौरतलब है ?कि चीन के सबसे बड़े शहरों में से एक शंघाई में पिछले 2 माह से लॉकडाउन लगा है। साथ ही चीन के कई अन्य बड़े शहरों में कोविड प्रतिबंध जारी है। ऐसे में ऐपल के उत्पादों की मांग में कमी दर्ज की जा रही है। ऐपल के सीईओ टिम कुम ने अनुमान जाहिर किया है कि चीन में लगे लॉकडाउन की वजह से कंपनी को 4 से 8 बिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। कोविड-19 प्रतिबंध की वजह से ग्राहकों की मांग में कमी दर्ज की जा रही है। रिपोर्ट की मानें तो ऐपल की 200 से ज्यादा मेन सप्लायर फैसिलिटी शंघाई के चारो तरह मौजूद हैं। ऐपल को आईफोन निर्माण के लिए इंडस्ट्री वाइड सिलिकॉन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका असर भी इस तिमाही में दिख रहा है। भारत सरकार की कोशिश है कि ऐपल चीन पर अपनी निर्भरता कम करे। इस योजना के तहत ऐपल भारत में निर्माण में पर जो दे रही है। ऐपल ने हाल ही में आईफोन 12 का निर्माण शुरू कर दिया है।

### मुंबई में महंगे आवासों की बिक्री बढ़कर 20,255 करोड़ पहुंची

**मुंबई** । मुंबई में 10 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के घरों की बिक्री वर्ष 2021 में दोगुना बढ़कर 20,255 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। आवासीय ऋ्ण पर ब्याज दरों के कम होने और बड़े फ्लैटों की मांग बढ़ने से बिक्री में यह तेजी आई है। एक साझा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, मुंबई में एक साल पहले 2020 में नए घरों और पुराने घरों समेत कुल 9,492 करोड़ रुपए की महंगी आवासीय संपत्तियों की बिक्री हुई थी। कैलेंडर वर्ष 2021 में मुंबई में कुल 1,214 महंगी आवासीय इकाइयां बिकी थीं जबकि 2020 में यह संख्या महज 548 थी। मुंबई के वर्ली, लोअर परेल, बांद्रा, ताड़देव, प्रभादेवी और अंधेरी जैसे इलाकों में महंगी आवासीय संपत्तियों की बिक्री अधिक हुई। मुंबई के कुल लग्जरी आवास खंड में अकेले वर्ली की हिस्सेदारी करीब 20 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021 में मुंबई के प्राथमिक बाजार (नए घरों की बिक्री) में 13,549 करोड़ रुपए में 848 इकाइयां बिकीं। इसके एक साल पहले 349 इकाइयां 6,275 करोड़ रुपए में बिकी थीं। शहर के द्वितीयक बाजार (पुरानी इकाइयों की पुनर्बिक्री) में 366 इकाइयां 6,706 करोड़ रुपए में बिकीं जबकि 2020 में 199 इकाइयां 3,217 करोड़ रुपए में बिकी थीं।

## टाटा मोटर्स की 3 नई इलेक्ट्रिक कार होगी लांच



**नई दिल्ली** । स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी 3 नई इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने वाली है। टाटा मोटर्स इस साल बेहतर रेंज वाली अपडेटेड नेक्सॉन ईवी और टिगोर ईवी के साथ ही टाटा अल्ट्रोज इलेक्ट्रिक भी लॉन्च करने वाली है और इनका लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। चलिए, आपको टाटा मोटर्स की अपकमिंग इलेक्ट्रिक कारों के बारे में बताते हैं।सबसे पहले अपडेटेड नेक्सॉन ईवी, यानी 2022 टाटा नेक्सॉन ईवी की बात करें तो इसमें 40केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक देखने को मिलेगा, जिसकी सिंगल चार्ज पर बैटरी रेंज 400 किलोमीटर तक की हो सकती है। मौजूदा नेक्सॉन ईवी में 30.2केडब्ल्यूएच तक के बैटरी पैक लगे हैं और इसकी रेंज 312द्मद्व तक की है। नई टाटा नेक्सॉन ईवी में 6.6केडब्ल्यू का एसी चार्जर लगा होगा, जिससे आप इस कार को घर पर भी कम समय में चार्ज कर सकेंगे। बाद बाकी इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में एयर प्यूरिफायर, वेंटिलेटेड सीट्स, पार्क मोड और इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम समेत कई खास फीचर्स देखने को मिलेंगे। 2022 नेक्सॉन ईवी को अगले महीने लॉन्च किया जा सकता है। टाटा मोटर्स इस साल अपनी नेक्सॉन ईवी को अपडेट करने के बाद टिगोर ईवी को भी बेहतर बैटरी रेंज और कुछ खास फीचर्स के साथ पेश कर सकती है। नई टिगोर ईवी की रेंज 350 किलोमीटर प्रति चार्ज तक की हो सकती है। इसके बाद टाटा मोटर्स अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज के भी इलेक्ट्रिक वेरिएंट को लॉन्च करने की तैयारी में है।

ऑटो एक्सपो 2020 में टाटा अल्ट्रोज ईवी को शोकेस किया था और अब 2 साल बाद इसे भारतीय बाजार में पेश किया जाएगा। टाटा अल्ट्रोज ईवी में भी कंपनी की पॉपुलर जिपट्रॉन टेक्नॉलजी देखने को मिलेगी और इसकी बैटरी रेंज 300 किलोमीटर तक की हो सकती है। लुक और फीचर्स के मामले में भी अल्ट्रोज ईवी काफी शानदार होगी। मालूम हो कि इस साल इलेक्ट्रिक कार लवर्स के लिए काफी कुछ खास आने को है।

### ह्युंदै मोटर्स की 6 सीटर एसयूवी अल्कजार की टेस्टिंग शुरु

**नई दिल्ली** । आगामी समय में टाटा मोटर्स के साथ ही ह्युंदै मोटर्स और किआ मोटर्स भी अपनी कई पॉपुलर एसयूवी को सीएनजी के साथ पेश करने की तैयारी में है। अब इसी कड़ी में ह्युंदै मोटर्स की 6 सीटर एसयूवी अल्कजार के सीएनजी मॉडल की टेस्टिंग शुरू किए जाने की खबर आ रही है। बीते दिनों ह्युंदै की सब-ब्रैंड किआ मोटर्स ने भी सॉनेट सीएनजी और कारेन्स सीएनजी की टेस्टिंग शुरू की है। चलिए, आपको ह्युंदै अल्कजार सीएनजी के बारे में बताते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल ह्युंदै मोटर्स अपनी बेस्ट सेलिंग कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू को भी फैक्ट्री फिटेड सीएनजी के साथ पेश करने वाली है। अब अल्कजार सीएनजी लाने की खबरें भी चलने लगी है। फिलहाल ह्युंदै अल्कजार भारत में 2.0 लीटर 4 सिलिंडर नेचरली एस्पिरेटेड पेट्रोल और 1.5 लीटर 4 सिलिंडर टर्बो डीजल इंजन के साथ उपलब्ध है। अल्कजार का पेट्रोल इंजन 159बीएचपी तक की पावर और 192 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं, डीजल इंजन 115बीएचपी की पावर और 250 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। अल्कजार सीएनजी को 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ ही फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ पेश किया जा सकता है।

# शिवांगी जोशी ने शेयर किया चौंकाने वाला वीडियो



फेमस टीवी सीरियल 'यह रिश्ता क्या कहलाता है' एक लंबे समय से छोटे पर्दे पर राज कर रहा है. शो को फैंस के बीच काफी पसंद भी किया जाता है. इस शो से कई कलाकारों को पहचान मिली है. अब इस लिस्ट में शिवांगी जोशी भी शामिल हो गई हैं. शिवांगी जोशी इन दिनों शो में लीड रोल में नजर आ रही हैं. ऐसे में शिवांगी ने अब अपने फैंस के लिए एक खास वीडियो शेयर किया है. हिना खान के बाद लीड रोल में नजर आ रहीं 26 साल की शिवांगी आए दिन अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट आदि करती रहती हैं. ऐस में शिवांगी ने अब एक रील वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है. सीरियल में एक मिच्योर बहू रानी के रोल में शिवांगी नजर आ रही हैं. हाल ही में शिवांगी ने इंस्टा रील के एक ट्रेंड को अपनाकर वीडियो फैंस के लिए शेयर किया है. इस वीडियो में सोल मेट की बात करने के बाद वह तेरी नजरों ने दिल को कियाज़गाने पर वह लिपसिंग करती दिख रही है. एक दौरान वह सूट पहने नजर आ रही हैं और उनके बालों में सफेद फूला लगा दिख रहा है. इस दौरान एक्ट्रेस के एक्सप्रेस गजब के नजर आ रहे हैं. शिवांगी वीडियो में मुस्कराती दिख रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है. यही कारण है कि वीडियो तेजीसे वायरल हो रहा है. आपको बता दें कि शिवांगी ने अपने करियर की शुरुआत 2013 में खेलती है 'जिंदगी आंख मिचौली सीरियल' से की थी, लेकिन एक्ट्रेस को पहचान बेगूसराय शो से मिली. नायरा का रोल हाल ही में शिवांगी ने छोड़ा है.वहीं, शो में शिवांगी के अपोजिट मोहसिन खान हैं जिनके साथ उनके अफेयर की बातें सामने आती रही हैं. कहा जा रहा है कि दोनों शो के दौरान ही एक दूसरे के करीब आए हैं. हालांकि दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है. आपको ये भी बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 4.3 फॉलोअर्स हैं।

## बुरे वक्त के बीतने तक हमें पॉजिटिव बने रहना है : सलमान खान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने देश में जारी कोरोनावायरस महामारी की दूसरी लहर के दौरान कुछ ऐसी बातें कही हैं, जिनसे उनके प्रशंसकों में उम्मीदों का संचार होगा। सलमान कहते हैं, मैं बस



इतना ही कहूंगा कि जब तक यह बुरा वक्त नहीं बीत जाता है, तब तक हमें पॉजिटिव बने रहना है। यह एक दौर है, जो बीत जाएगा। मैं जानता हूं कि हम सभी इस वक्त एक मुश्किल घड़ी में से होकर गुजर रहे हैं, लेकिन हमें विश्वास बनाए रखना है और यथासंभव एक-दूसरे की मदद करते रहना है। इस बीच सलमान खान छोटे पर्दे पर अपने मशहूर दबंग किरदार इंस्टेक्टर चुलबुल पांडे के एनिमेटेड अवतार के लिए काफी रोमांचित हैं। दबंग : द एनिमेटेड सीरीज सलमान से सलमान के प्रशंसकों का खूब मनोरंजन होने वाला है।

**सलमान कहते हैं, दबंग :** द एनिमेटेड सीरीज दबंग का एक रूपांतरण और पुनर्कल्पना है। इस एक्शन-कॉमेडी सीरीज में चुलबुल पांडे के दिन-प्रतिदिन की जिंदगी के बारे में दिखाई जाएगी, जो शहर को सुरक्षित रखने के लिए बुराई का सामना करते हैं। इसमें उनके साथ उनका छोटा भाई भी शामिल है, जो पुलिस फोर्स में नया शामिल हुआ है और जो हर मुश्किल परिस्थिति में अपने बड़े भाई का अनुकरण करने का प्रयास करता है।

**कॉसमॉस-माया और अरबाज खान प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित दबंग:** द एनिमेटेड सीरीज डिज्नीप्लस हॉटस्टार वीआईपी पर स्ट्रीम होती है।

## इतराती चाल के साथ खुद के मूव्स करती दिखाई दी सनी लियोनी



बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोन ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी प्रफुल्लित करने वाली चाल दिखायी दी और वह खुद के मूव्स बनाती नजर आई। सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। क्लिप में वह जोश में टहलती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने मैटेलिक गोल्ड कलर का लहंगा पहना हुआ है। सनी ने कैप्शन में लिखा, जब आपके पास कोई मूव्स नहीं हो, और आप खुद के मूव्स के मालिक हो। हैश टैग सनी लियोनी हैश टैग बिहाइंड द सीन हैशटैग ऑनसेट। अभिनेत्री ने यह साझा नहीं किया कि ये कि प्रोजेक्ट के पर्दे के पीछे का वीडियो है।

# स्नेहा उल्लाल बहुत जल्द नेटफ्लिक्स की एक सीरिज में आएंगी नजर



बॉलीवुड में ऐसी कई एक्ट्रेस रही हैं जिन्होंने महज एक फिल्म करने के बाद बॉलीवुड से अपना नाता तोड़ लिया. जी हां इस कड़ी में हम आपके लिए लेकर आए आज बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल की कहानी. सलमान खान की फिल्म लकी-नो टाइम फॉर लव से स्नेहा उल्लाल ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था. इस फिल्म को बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी सफलता तो हाथ नहीं लगी. लेकिन एक्ट्रेस क तुलना ऐश्वर्या राय बच्चन से जरूर शुरू हो गई।

स्नेहा उल्लाल की ये डेब्यू फिल्म 2005 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म से एक्ट्रेस चर्चा में जरूर आई थीं. लेकिन इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड को अलविदा कह दिया था. वो पूरी तरह से गायब हो गई थीं. लेकिन इस बीच उन्होंने तेलुगू फिल्मों में जमकर काम किया. लेकिन वो बॉलीवुड से दूर ही रहीं।

एक्ट्रेस ने कुछ साल पहले खुलासा किया था. उन्होंने बताया था कि मैं एक बात साफ कर दूं, मुझे बॉलीवुड में किसी वापसी की जरूरत नहीं है. क्योंकि वापसी उस वक्त होती है जब आप किसी चीज को जानबूझकर छोड़ देते हैं, और दोबारा वापस आने की कोशिश करते हैं, लेकिन मैंने कभी इंडस्ट्री को नहीं छोड़ा. मैं फिल्मों से दूर बस अपनी बिगड़ी तबीयत के चलते गई थी।

एक्ट्रेस ने आगे बताया था कि उन्हें खून से जुड़ी बीमारी हुई है जिसका नाम 'ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर' है. इस बीमारी के चलते उनका अपना इम्यून सिस्टम ही उन्हें बीमार रखता था. उन्होंने बताया कि उनका खून बहुत पतला भी हो गया था. जिस वजह से एक्ट्रेस 30 से 40 मिनट से ज्यादा खड़ी भी नहीं हो पाती थीं. यही वजह थी कि एक्ट्रेस को काम छोड़ना पड़ा। आपको बता दें, स्नेहा उल्लाल की तबीयत अब पहले से काफी ठीक है, जहां एक्ट्रेस एक बार फिर सिनेमा की तरफ बढ़ रही हैं. खबर है कि एक्ट्रेस बहुत जल्द नेटफ्लिक्स की एक सीरिज में नजर आएंगी. वहीं वो लगातार फिल्मों में मौके भी तलाश कर रही हैं।



## कष्ट और बलिदान

दुनिया में अच्छा करने के लिए हमें इस जीवन में दुख या दुख की जरूरत नहीं है। हम में से कई लोगों का यह गहरा विश्वास है कि दुनिया में अच्छा करने के लिए हमें कष्ट सहना पड़ता है और त्याग करना पड़ता है। यह आमतौर पर माना जाने वाला विचार एक निश्चित मानसिकता से उपजा है, जो पूर्वजों से विरासत में मिला है जो हमारे सामने आए थे जिन्होंने इसे सच के रूप में अनुभव किया होगा। हमारे अपने पिछले जीवन के अनुभवों के विश्वास भी इस जीवन में प्रकट हो सकते हैं। यह अक्सर ऐसा तरीका होता है जिसमें झूठी मान्यताएं पकड़ लेती हैं और जाने नहीं देती हैं, भले ही वे अब प्रासंगिक नहीं हैं। हम सभी को अपना जीवन अपने समय में जीना चाहिए, और सीखना चाहिए कि हमारे लिए क्या सच है, क्योंकि बहुत कम सत्य हर समय सभी लोगों के लिए मान्य साबित होते हैं। अपने दिमाग को झूठी धारणाओं से मुक्त रखना कोई आसान काम नहीं है, क्योंकि इसके लिए हमें पहले अपने विश्वासों को जानना होगा। बहुत बार, ये मान्यताएँ हमारे अचेतन मन में गहराई से बस जाती हैं जहाँ वे बस निर्विवाद रूप से बैठ जाती हैं। फिर भी, वे हमारे दिलों, हमारे दिमागों और हमारी वास्तविकता पर प्रभाव डालते हैं। ये विश्वास हम पर कार्य करते हैं, ऐसी स्थितियों और संबंधों का निर्माण करते हैं जिन्हें हम भाग्य के रूप में देखते हैं, जब वे वास्तव में बाहरी दुनिया में प्रकट होने वाले हमारे अचेतन दिमाग होते हैं। परिणामस्वरूप, हमें शायद यह भी पता न हो कि हम गरीबी की मानसिकता का बोझ उठा रहे हैं, और हमें आश्चर्य हो सकता है कि हम बहुतायत क्यों नहीं दिखा रहे हैं, खासकर अगर हम जानते हैं कि हम इसके लायक हैं। यदि ऐसा है, तो यह देखने का समय हो सकता है कि क्या हम अपने भीतर की बाधा को खोज सकते हैं। विकसित होने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने दिमाग और दिल की सामग्री की जांच करें और वास्तविकता के बारे में हम जो विश्वास करते हैं उसकी जड़ तक पहुंचें। आम तौर पर, इस समय की हमारी चिंताओं पर हमारी पूछताछ का मार्गदर्शन करने के लिए भरोसा किया जा सकता है। यदि हम उस बहुतायत को प्रकट और बनाए नहीं रख रहे हैं जिसके हम हकदार हैं, तो यह मुद्दा हमें अपने मानस के छिपे हुए कोनों को देखने और किसी भी शेष विश्वास को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए कह रहा है जो हमें बताता है कि हमें अच्छा करने के लिए पीड़ित होना चाहिए और बलिदान करना चाहिए। हमारे प्रयास हमें इस ऊर्जा-भंगुर विश्वास से एक कदम और दूर ले जाएंगे, जिसकी हमें अब आवश्यकता नहीं है।

# पेट्रोल-डीजल की राजनीतिक पैतरेबाजी से आम जनता है परेशान: खबरीलाल

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों कुछअच्छा नही चल रहा है! भारत राजनीति की दुर्दशा व दिशाविहीन होने से भारतीय राजनीतिज्ञ पंडित निराश है। वैश्विक महामारी कोरोना से अभी देश उभर भी नही पाया था कि सुरसा के मुहँ जैसी वेरोजगारी %महेंगाई व ओछी राजनीति से जनता जनार्दन परेशान है।

आप को याद होगा कि कुछ दिन पहले ही कोरोना के नये वायरस का प्रकोप फिर से दिखने लगा है। कोरोना संकमण के केसों मे आये दिनो वृद्धि देखने को मिल रही है। इस बाबत प्रधान मंत्री के द्वारा राज्यो की मुख्यमंत्री की बैठक विगत दिनों ऑन लाईन बैठक बुलाई थी।प्रधान मंत्री ने मुख्यमंत्रियों की इस बैठक के दौरान पेट्रोल और डीजल पर वैट टैक्स को लेकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल में वैट टैक्स घटाकर जनता राहत नहीं देने वाले 7राज्यों के नाम लेकर उन्हें निशाने बनाते हुए जनता की बीच अपनी लोक प्रियता बनाने की कोशिस की। पी एम ने राज्य की जनता के मध्य एक ऐसा संदेश देने का प्रयास किया कि जनता कीजेब से पैसे निकाल कर गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकार द्वारा अपने राजकीय खजाने भरने की कोशिस कर रही है।पी एम ने कहा कि केंद्रसरकार ने विगत साल नम्बर महीने में ही ईंधन से उत्पाद शुल्क घटा लिया थाऔर राज्यों से भी वैट टैक्स को लेकर कटौती की अपील की थी।कुछ राज्यों ने तो आगे बढ़कर जनता की सेवा के लिए करों में कटौती कर दी लेकिन कुछ राज्यों ने अभी भी वैट में कटौती करने को नहीं तैयार हैं।पी एम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि मैं किसी की व्यक्तिगतआलोचना नहीं कर रहा ह ू ं , ब ल् कि महाराष्ट्र,पश्चिमबंगाल,तेलंगाना,आंध्रप्रदेश, केरल,झारखंड और तमिलनाडु से वैट कम करने और स्थानीय लोगों को लाभ देने का अनुरोध करता हुँ।

प्रधान मंत्री ने गैरभाजपा शासित राज्यो के विपक्षी दलो की सरकार द्वारा तेल की ऊंची कीमतों के लिए केंद्र पर निशाना साध रहे हैं,मेरी समझ मे यह बात नही आ रही है कि सभी राज्यों में 100 रुपये का आंकड़ा पार कर गया है।आप को भी याद होगा कि केंद्र सरकार ने पिछले साल नम्बर माह में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 5 रुपये,डीजल पर10 रुपये की कटौती की घोषणा की थी और राज्यों से ईंधन पर वैट में भी कमी करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री की अपील पर तत्काल ही जहां कुछ बीजेपी शासित राज्यों ने इंधन पर कर कटौती की घोषणा की थी लैकिन कुछ राज्यों ने कर मे कटोती नहीं किये थे %क्योकि राज्यो के पास वैट टैक्स कम करने से उनके राजस्व में कमी आती , जिसके कारण राज्य सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।प्रधानमंत्री ने इस बैठक में उन राज्यों का नाम लिया और राज्य के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए वैट में कटौती करने को बल देते हुए कहा,कि महाराष्ट्र,पश्चिमबंगाल,तेलंगाना,आंध्रप्रदेश, केरल,झारखंड,तमिलनाडु ने किसी न किसी वजह से केंद्र सरकार की बात नहीं मानी और उन राज्यों के नागरिकों पर बोझ बना हुआ है।पिछले वर्ष नवंबर में ही ये किया जाना था,ताकि नागरिकों को वैट कम उसका लाभआपको लोगों को देना चाहिए था।प्रधान मंत्री के द्वारा दिये गये इस बयान पर विपक्षी भला कहा पीछे रहने वाले थें। उन्होंने अपना मजबुत पक्ष रखते हुए कहा कि राज्यो के हिस्से का जी एस टी की मोटी रकम केन्द्र सरकार के पास बकाया है।उधर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 26 लाख करोड़ रुपये कमाए,लेकिन इसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया उन्होंने कहा,÷आपने राज्यों को जीएसटी का हिस्सा समय पर नहीं दिया उपर से हमे आप राज्यों से वैट को और कम करने के लिए कहते हैं। जब कि उन्हें स्वंय केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करना चाहिए और बाद मै फिर दूसरों को वैट कम करने के लिए सलाह देनी चाहिए।पीएम मोदी के द्वारा उठा ये गये इस मुद्दे के बाद एक बार फिर से डीज़ल-पेट्रोल पर वेट पर बहस की राजनीति शुरू हो गयी है।आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी



इसी के साथ शुरू हो गया है।डी एम के सांसद और महाराष्ट्र सी एम ने दी प्रतिक्रिया दी वहीं डीएमके सांसद टीकेएस एलनगोवन ने पेट्रोल पर वैट घटाने को लेकर केंद्र को जवाब दिया है।एलनगोवन ने कहा,पीएम मोदी सीधे तौर पर विपक्षी दलों की ओर से शासित राज्यों को पेट्रोल से वैट घटाने को कह रहे हैं।पीएम भाजापा शासित राज्यो गुजरात और कर्नाटक की राज्यों से टैक्स कम करने को कहते नही हैं।केंद्र सरकार द्वारा इकट्ठा किया गए टैक्स की मात्रा इन राज्यों के द्वारा इकट्ठा किए गए टैक्स की मात्रा का तीन गुना है।उन्होने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात तो करते हैं लेकिन संकट के समय में पी एम पी एस यू बेच रहे हैं।महाराष्ट्र सीएमओ की ओर से राज्यों से पेट्रोल डीजल पर वैट घटाने को लेकर कहा गया राज्य की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से नेचुरल गैस पर टैक्स राहत दी गई है।इसे बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस पर वैट को13.5फीसदी से घटाकर महज 3 फीसदी कर दिया है।पेट्रोल - डीजल व ईंधन की राजनीति के पेतरें बाजी व प्रधान मंत्री की अपील पर केन्द्र सरकार की कमान सम्भालने के लिए स्वयं केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी ने सम्भालते हुए कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें 19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है।केंद्र ने तो अपनी जिम्मेदारी ना ली बल्कि उत्पाद शुल्क मे कमी कर निभाई है।अब राज्यों की बारी% है।केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कोविड महामारी के बाद भी केंद्र सरकार जनता के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि अब राज्यों आगे आएं और इसकी जिम्मेदारी लें।केंद्रीय मंत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है।मोदी सरकार में पेट्रोल-डीजलऔर एलपीजी के दामों में सिर्फ 30 फीसदी ही बढ़ोत्तरी हुई है,जबकि केंद्र सरकार ने इसके बदले में अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि %हम अभी तक कोरोना महामारी से उबर नहीं पाए हैं।देश के 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।केंद्र सरकार ने इससे बचने के लिए अभी भी वैक्सीनेशन अभियान चला रखा है।रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची हैढ्इसके पहले केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर 32 रुपये का एक्साइज शुल्क लेती थी,जिसमें कटौती की गई है।केंद्र सरकार ने पिछले साल दीपावली के आस-पास अपनी जिम्मेदारी लेते हुए वैट टैक्स घटाए थे।अब राज्यों को भी जनता की सेवा के लिए इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुरी ने कहा कि गैर बीजेपी शासित राज्यों में 25 फीसदी ज्यादा वैट टैक्स बसुल रही है।पुरी ने आगे कहा,भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जितना बैट लगा रहे हैं उसका आधा वैट बीजेपी शासित राज्यों में लगाया गया है।पेट्रोल के दामों की बात करें तो बीजेपी शासित राज्यों की तुलना गैर-बीजेपी शासित राज्यों में 15-20 रुपये का अंतर दिखाई देगा।आपको बता दें कि गुरुवार को भी हरदीप सिंह पुरी ने बताया था कि विमान संचालन में देश के 40 फीसदी ईंधन का खर्च इससे पूर्व गुरुवार को भी केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि विमान संचालन में 40 फीसदी खर्च ईंधन का होता है।देश के जिन राज्यों में बीजेपी का शासन नहीं है वहां पर 25 फीसदी ज्यादा वैट की वसूली की जा रही है जबकि बीजेपी जिन राज्यों में शासन कर रही है वहां पर एक फीसदी वैट टैक्स ही लिया जा रहा है।राज्य पेट्रोल-डीजल को जीएसटी की दयारे में लाने को तैयार नहीं।


केंद्रीयमंत्री नेआगे कहा,मेरी समझ यह है कि केंद्र पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के तहत लाने में खुश होगा लेकिन सत्य ये है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं है।सच्चाई यह है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं हैं. राज्यों के मुख्यमंत्री पेट्रोल-डीजल और शराब के राजस्व से हत्या हत्या करने पर उतारू हैंऔर जब कर्ज बढ़ता है तो वे दूसरों को दोष देते हैं।उन्होंने इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब का दिया है।पुरी ने कहा कि हम ईरान जैसे खाड़ी देशों के करीब स्थित हैं।जहां बहुत सारा तेल है।रूस के साथ हमारे ऊर्जा संबंध हैं और हम उनस कच्चा तेल खरीदते हैं, लेकिन हमारा कुल आयात महज 0.2 फीसदी से ज्यादा का नहीं है हमेंअपने हितो को ध्यान में रखते हुए अपनी शर्तों पर तेल खरीदना होगा ।

प्रधानमंत्री के द्वारा दिये गये गैर भाजपा शासित राज्यो की सरकार को वेट मे कमी करने के सुझाव पर विपक्षी दलो की राज्य सरकार की राजनीति पैतरेबाजी से आम जनता परेशान है।उन्हे यह समझ में नहीं आ रही है कि उनका सच्चा हितैषी कौन है। पहले पाँच राज्यों के विधान सभा चुनाव मं भाजपा जहाँ मुफ्त राशन,मुफ्त बैकशीन आदि के नाम पर ढिढोरा पीटने वाला केन्द्र की वर्तमान भाजपा की सरकार अपना बोट बैंक को यह एहसास दिलाकर राज्य में अपना सत्ता के सिंधासन पर अपना सिक्का जमाते हुए गैर भाजपा शासित राज्य सरकार पर निशाने लगाते हुए जनता का सच्चा हमदर्द का नाटक कर रही है।जो भाजपा मंहगाई के नाम पर केन्द्र में डा मनमोहन सिंह के नेतत्व मे कॉग्रेश की सरकार को विरोध करते थकते नही थी वही आज मंहगाई व वेरोजगारी को कोई समस्या नही मानती है।

## सब्र के इम्तहान का ईनाम है ईद!

**डा. श्रीगोपालनारसन**

रमजान सब्र ,प्रेम और भाईचारे के साथ साथ अल्लाह की खिदमत का एक खास महिना है। तभी तो इस्लाम धर्म को मानने वाला हर मुस्लमान रमजान का बेसब्री से इन्तजार करता है। रमजान शुरू होते है तो हर रोजेदार की दिनचर्या बदल जाती है। बडे सवेरे उठना और अल्लाह को याद करने के साथ ही पांचो वक्त की नमाज रोजेदार को अल्लाह की इबादत का मौका दिलाती है। रमजान की शुरूआत भी चांद से ही होती है और रमजान पूरे होने पर ईद का जब चांद निकलता है तो सबके चेहरे पर खुशी छा जाती है। दरअसल रमजान के सकुशल बीतने की खुशी में ही अल्लाह को शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है। वही अल्लाह के नेक बन्दो की खिदमत का भी मुबारक मौका है ईद।ईद पर कोई भूखा न रहे ,पडौसी के घर में भी ईद की खुशिया मने और आपसी मोहब्बत व भाईचारे की नई शुरूआत हो यही कौशिश हर किसी की रहती है।तभी तो ईद की सवेरे से ही ईद की खुशिया सब पर हावी हो जाती है। बडे सवेरे से घर में सेवईया बननी शुरू हो जाती है। एक माह तक रोजा रख चुके लोग नये नये कपडे पहनकर ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह जाते है। ईदगाह में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। बच्चे नये नये खिलौने खरीदते है। सेवईया और तरह तरह के पकवान खाये जाते है।ईद पर भी गरीबो को दान देने ,उनकी सहायता करने की खास परम्परा है।ताकि हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशिया बरकरार रहे।इस्लामी कलैण्डर के दसवें महिने की पहली तारीख को चांद दिखने व तीस रोजे निर्विधन खुदा की इबादत के साथ पूरे होने की खुशी में ईद उल फितर मनाया जाता है। ईद उल फितर की शुरूआत जगं एबदर के बाद सन 624 ईसवी के पैगम्बर मौहम्मद साहब द्वारा ईद उल फितर मनाने से मनाने से हुई थी। रमजान साल का एक अनूठा महिना होता है। इस



महिने में हर मुस्लमान जंहा ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की रहमत में गुजारना चाहता है। वही वह स्वयं को सुधारने व खुदा के बन्दो के चेहरो पर रौनक लाने के लिए उनके हर गम में शरीक होता है। जो खुदा के बन्दे पैसो से मोहताज है, भूखे है ,लाचार है उनकी हर हाल में मदद कर उन्हे बराबरी पर लाने की कौशिश की जाती है। इस्लाम में हर शख्स को रोजाना ही शरीर और दिमाग से पाक साफ रहने की हिदायत है। लेकिन रमजान के महिने में हर दिन विशेष तौर पर पाक साफ रहने की बात कही गई है ताकि रोजेदार हर तरह के गुनाहो से दूर रहे। आपसी भाईचारे से रहना सीखे। खुदा की इबादत करे। नेकी करे लेकिन ईद उल फितर की खुशी के मौके पर कैसे हो दिन की शुरूआत यह भी इस्लाम में बताया गया है । इस्लाम धर्म के विद्वान कुवँर जावेद इकबाल बताते है कि ईद उल फितर के दिन की शुरूआत फजर की

नमाज के साथ होती है। रमजान में तीस दिनो तक रोजा रख चुके रोजेदारो एवं उनको भी जो बीमारी या फिर किसी अन्य वजह से रोजा नही रख पाए ,को मिस्वाक दातून करने के बाद गुसल नहाना करना चाहिए। फिर साफ कपडे पहनकर कपडो पर इतर की खुशबू के साथ कुछ खाकर ईदगाह जाना चाहिए। ध्यान रहे ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात की जरूरी रस्म नही भूलनी चाहिए। यही वह रस्म है जो गरीब और मोहताज पडौसी के चेहरे पर सहायता की रौनक लाती है। इस्लाम मानता है कि मनुष्य में वासनाएं,इच्छाएं,और भावनाएं प्राकृतिक रूप से समाहित है इसी कारण उसके स्वभाव में तेजी,उत्तेजना और जोश होता है। जिसे जड से तो समाप्त नही किया जा सकता लेकिन नियन्त्रित जरूर किया जा सकता है। इस नियन्त्रण के लिए ही रमजान में रोजो की व्यवस्था की गई है। ताकि मनुष्य अल्लाह को याद करने के साथ साथ अपने अन्दर की बुराईयों को दूर करते हुए आत्म नियन्त्रण करना सीखे और एक अच्छे भले इंसान के रूप में अपने जीवन का यापन करे। वैसे तो इस्लाम में हर रोज पांच वक्त की नमाज पढने की हिदायत दी गई है। लेकिन रमजान के दिनो में चूंकि हर रोजेदार अल्लाह के करीब होता है इसलिए पांचो वक्त की नमाज पढना वह अपना समझता है। रोजा रखने से जहां पेट बिलकुल ठीक रहता है और शरीर का शुद्धिकरण हो जाता है। वही पांचो वक्त की नमाज पढने से उसकी योगिक क्रियाएं भी हो जाती है।

# करीब 80 देशों में होता है टूना का बड़े स्तर पर शिकार

### सूडोकु नवताल- 6058

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6057 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

(विश्व टूना दिवस (2 मई) पर विशेष)

**योगेश कुमार गोयल**

विश्वभर में मछलियों की 30 हजार से भी ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से कुछ असाधारण अथवा विशेष मानी जाती हैं। इन्हीं प्रजातियों में से एक है 'टूना मछली', जिसका दुनियाभर के कई देशों में बड़े पैमाने पर शिकार किए जाने के कारण इसके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इसी कारण अब इसके संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र ने मछली पालन, मछलियों के शिकार और टिकाऊ विकास में मछलियों की अहमियत की ओर सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए 'टूना दिवस' मनाने का निश्चय किया और 2 मई 2017 को पहला 'विश्व टूना दिवस' मनाया गया। अब प्रतिवर्ष 2 मई को यह दिवस विश्वभर में इस मछली के महत्व को रेखांकित करने और पकड़ी तथा खाई जाने वाली विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय मछलियों को बचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। टूना मछलियां पकड़े और खाये जाने के मामले में दुनिया की सबसे लोकप्रिय मछलियों में से एक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष पीटर थॉमसन के अनुसार टूना सतत विकास, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक अवसर प्रदान करने और दुनिया भर के लाखों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस समय करीब 80 देशों में टूना मछली का शिकार होता है। दरअसल बहुत सारे देशों में टूना मछली नियमित खान-पान का अहम हिस्सा है



और इन देशों की बहुत बड़ी आबादी टूना मछली पर ही निर्भर है क्योंकि यह पौष्टिक भोजन का अच्छा स्रोत मानी गई है। इन मछलियों का शिकार कितने बड़े स्तर पर किया जा रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इनकी सी-फूड के अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में करीब आठ फीसदी हिस्सेदारी है जबकि समुद्र से पकड़ी जाने वाली मछलियों की सभी प्रजातियों के कुल मूल्य का 20 फीसदी टूना मछलियों की बिक्री से ही हासिल होता है। बीते वर्ष टूना मछलियों का शिकार करीब एक लाख टन तक होने का अनुमान है। जनवरी 2019 में टोक्यो के नए मछली बाजार में लुप्तप्रायः प्रजाति की एक विशालकाय टूना मछली 21.5 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर बिकी थी, जिसे सूशी रेस्तरां श्रृंखला के मालिक ने खरीदा था। जापान के उत्तरी तट से पकड़ी गई यह विशाल मछली 278 किलोग्राम की थी।

नाउरू समझौते के तहत टूना का शिकार करने के दिनों को सीमित करने की व्यवस्था है और प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2011 से ही नाउरू समझौते के साझीदार कई ऐसे देश, जिनका दुनियाभर में टूना के उत्पादन में करीब 25 फीसदी योगदान रहता है, विश्व टूना दिवस मनाए जाने के लिए अभियान चलाते रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2016 में यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। दुनिया भर में टूना मछली की खपत बढ़ने का ही परिणाम है कि हजारों जहाज, नाव और लाखों लोग टूना मछली के शिकार और कारोबार में लिप्त हैं और यही कारण है कि टूना मछली के अस्तित्व पर खतरा मंडराने की आशंकाएं जताई जाने लगी हैं। टूना खारे पानी की समुद्री मछली है, जो मैकेरल परिवार के एक उप-समूह जनजाति थ्युननिनी के अंतर्गत आती है। इसकी विश्वभर में 48 से भी अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें मुख्यतः थुन्नुस वर्ग की 9 प्रजातियां शामिल हैं। ये प्रजातियां हैं एल्बाकोर, येल्लोफिन टूना, ब्लैकफिन टूना, दक्षिणी ब्लूफिन टूना, बिगआई टूना, पैसिफिक ब्लूफिन टूना, उत्तरी ब्लूफिन टूना, लॉन्गटेल टूना, करासिक टूना। टूना मछली को सेलेनियम, विटामिन बी-3 (नियासिन), विटामिन बी-12, विटामिन बी-6, प्रोटीन, फास्फोरस, विटामिन डी तथा पोटेशियम का अच्छा स्रोत माना गया है। सिर्फ सूर्य की रोशनी से ही मिलने वाला विटामिन डी टूना मछली में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहता है। कहा जाता है कि टूना मछली हाई क्वालिटी प्रोटीन वाली मछलियों में से एक हैं, जिनमें बहुत ही कम वसा होती है और यह मछली काफी पौष्टिक मानी जाती है।

## चीन से बिदकता पाकिस्तान

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अभी-अभी कुछ संकेत ऐसे मिले हैं, जिनसे लगता है कि पाकिस्तान की विदेश नीति में बड़े बुनियादी परिवर्तन हो सकते हैं। इन परिवर्तनों का लाभ उठाकर भारत और पाकिस्तान अपने आपसी संबंध काफी सुधार सकते हैं। जिस चीन से पाकिस्तान अपनी 'इस्पाती दोस्ती' का दावा करता रहा है, वह इस्पात अब पिघलता दिखाई पड़ रहा है। जो चीन 5 लाख करोड़ रु. खर्च करके पाकिस्तान में तरह-तरह के निर्माण-कार्य कर रहा था, उस प्रायोजना का भविष्य खटाई में पड़ गया है। चीन अपने शिनच्यांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर नामक बंदरगाह तक 1153 किमी लंबी सड़क बना रहा था ताकि अरब और अफ्रीकी देशों तक पहुंचने का उसे सस्ता और सुगम मार्ग मिल जाए लेकिन अब शाहबाज शरीफ की नई सरकार ने इस पाक-चीन गलियारे की योजना को क्रियान्वित करनेवाले प्राधिकरण को भंग कर दिया है। इसे भंग करने के कई कारण बताए जा रहे हैं। एक तो बलूचिस्तान में से इस गलियारे की लंबाई 870 किमी है, जो कि सबसे ज्यादा है। बलूच लोग इसके बिल्कुल खिलाफ हैं। उन्होंने दर्जनों चीनी कामगरों को मार डाला है। दूसरा, इसने बहुत वक्त खींच लिया है। इसके कई काम अधूरे पड़े हुए हैं। तीसरा कारण यह भी है कि पाकिस्तान अपने हिस्से का पैसा लगाने में बेहद हीले-हवाले कर रहा है। उसने 2000 मेगावाट के बिजलीघर में लगनेवाले 30 हजार करोड़ रु. का भुगतान चीनी कंपनी को नहीं किया है। इसी तरह शिनच्यांग से ग्वादर तक रेल्वे लाइन डालने का 55 हजार करोड़ रु. की प्रायोजना भी खटाई में पड़ गई है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि वह कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों और मालदार मुस्लिम राष्ट्रों के आगे अपनी झोली फैलाने के लिए मजबूर है। ऐसी स्थिति में वह चीन से अगर विमुख होता है तो उसके पास अमेरिका की शरण में जाने के अलावा कोई चारा नहीं है। इस वक्त तो रूस और चीन दोनों की ही दाल पतली हो रही है। एक की यूक्रेन के कारण और दूसरे की कोरोना के कारण ! अमेरिका तो पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार रहा है। यदि शाहबाज शरीफ थोड़ी हिम्मत दिखाएं और नई पहल करें तो पाकिस्तान का उद्धार हो सकता है। यदि अमेरिका से उसके संबंध बेहतर होंगे तो भारत के साथ वे अपने आप सुधरेंगे। अमेरिका इस वक्त चीन से बेहद खफा है। उसके इस्पाती दोस्त पाकिस्तान को वह अपनी हथेली पर उठा लेगा। शाहबाज चाहें तो भारत के साथ बंद हुए सभी रास्तों को खोलने की भी कोशिश कर सकते हैं।

# बूथ कार्यकर्ता की पार्टी विस्तार में अहम भूमिका होती है: रघुराज कंसाना

## भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है: डॉ योगेशपाल




**मुरैना।** भाजपा दक्षिण मंडल मुरैना की बूथ विस्तार योजना के अंतर्गत मंडल स्तरीय त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग भाजपा संसदीय कार्यालय पर संपन्न हुआ, जिसमे मंडल के अंतर्गत मतदान केंद्रों के अध्यक्ष, महामंत्री, बी एल ए सहित शक्ति केंद्रों के सयोंजक, सहसयोंजक. पदधिकारीजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के महापुरूषो के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई, तत्पश्चात प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का पुष्पहारों द्वारा स्वागत किया गया। त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग में मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज कंसाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, मंडल विस्तारक बृजकिशोर डण्डोतिया, जिला मंत्री अरुण परमार, मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अभ्यास वर्ग में मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज कंसाना ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही राजनैतिक दल के संगठन विस्तार की अहम कड़ी है। इन देवतुल्य बूथ कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम से आज भाजपा दुनिया का सबसे बडो संगठन हैं। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ने कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग एवं सोशल मीडिया कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन हैं इस पार्टी में छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी परिश्रम, निष्ठा एवं समर्पण से सत्ता एवं संगठन में सर्वोच्च शिखर पर पहुँच सकता है। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत पार्टी द्वारा किये गए बूथ डिजिटल कार्य एवं सामाजिक न्याय पखवाड़े के सफल कार्यक्रमों हेतु मंडल कार्यकर्ताओं की भूरि-भूरि प्रसंशा की। इसी क्रम में अभ्यास वर्ग में मंडल विस्तारक ब्रजकिशोर डंडोतिया ने बूथ कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पार्टी के सर्वस्पर्शी भाजपा एवं सर्वव्यापी भाजपा के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनोन्मुखी योजनाओं के प्रचार-प्रसार कर आमजनों को लाभ दिलवाने एवं पार्टी से सभी वर्गों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। अभ्यास वर्ग में स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा ने देते हुए कार्यक्रम में वर्ग प्रशिक्षण से संबंधित विषय की प्रस्तावना रख कर भाजपा के विचार एवं पार्टी की रीति से कार्यकर्ताओ को चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दिनेश सिंघल एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष दुष्यंत सेंगर ने किया। कार्यक्रम में पार्षद खलक सिंह राजपूत, अर्जुन तोमर, सोनेराम प्रजापति, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री पवन जाटव, उपाध्यक्ष दुष्यंत सेंगर, मंडल मंत्री निक्की भदौरिया, रामू मांझी, गोविंद यादव, विपिन दंडोतिया, जंडेल गुर्जर, राकेश यादव, दिलीप पाठक, योगेंद राजपूत, अमन सिकरवार, अर्जुन रजक, रेणु शर्मा, मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर, शब्बीर खान, अर्जुन रजक, प्रमिल तोमर, शशांक तिवारी,श्यामसुंदर गुर्जर, नब्बी भारद्वाज, भूपसिंह रजक सहित अनेकों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## महामंत्री बीएलए की कार्यशाला संपन्न

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा नगर मंडल पूर्व के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सुभाष नगर में त्रिदेव, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री बीएलए की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष घुराज सिंह कंसाना, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह एवं मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा एवं मंडल विस्तारक राम अवतार शर्मा, मंडल अध्यक्ष अनूप जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पिछड़ा वर्ग एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ती है। भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता भाजपा के इन विचारों को बूथ लेवल तक पहुंचाएं। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह जी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आघारित पार्टी है, बूथ लेवल का कार्यकर्ता पार्टी की नींव होता है। जब नींव मजबूत होती है तभी किसी भी पार्टी का विस्तार संभव है। इसलिए पार्टी में बूथ लेवल के कार्यकताओं का योगदान अहम होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल के महामंत्री पवन भारद्वाज ने किया एवं आभार व्यक्त किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आनंद दंडोतिया ने किया।

## पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे लगाने का अभियान आरम्भ

**मुरैना।** एक रोटी-एक जान जनकल्याण समिति ने शनिचरी अमावस के सुअवसर पर पक्षियों के दाना-पानी के सकोरे लगाने का अभियान मुरैना एस.ए.एफ ग्राउण्ड स्थित हनुमान जी मंदिर से शुरुआत



की। समिति के सदस्यों ने बताया कि उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा जिसके क्रम में शहर के विभिन्न मंदिरो और पार्को मैं पक्षियों के दाना-पानी के सकोरे लगाये जायेंगे। समिति के सदस्यों ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि अधिक गर्मी होने की वजह से पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे जगह जगह लगाये, जिससे पक्षियों को राहत मिल सके। उन्होंने आम जन से आग्रह करते हुए कहा है कि वह वेजुबान पक्षियों के लिए एक सकोरा अवश्य लगायें। समिति की ओर से सकोरे लगाने वालों मै मुख्य रूप से सुमित गर्ग, अशोक सिंह भदौरिया, प्रवीण शर्मा, ब्रजेश कुशवाहा, अभिषेक अग्रवाल, समीर राठौर, जोगेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ध्वजारोहण कर मई दिवस के रूप में मनाया

**कैलारस।** पूरी दुनिया में मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस जिसे मई दिवस के नाम से जाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस मौके पर बडे पैमाने पर आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में हमारे देश में भी बड़ी संख्या में अंतर्राष्टीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के मौके पर आयोजन हो रहे हैं। इसी अनुक्रम में मुरैना जिले में बहादुर सिंह धाकड़



भवन पर भी ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इसके बाद आगे श्रमिक बस्तियों में मई दिवस के आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ व्दारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने बोलते हुए मई दिवस के इतिहास के बारे में व खास तौर से 1886 के अमेरिका के शिकागो शहर के संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया। उसके बाद हमारे देश भारत में 1923 में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि पहले श्रमिकों, मेहनतकश वर्ग का भीषण शोषण था, 18 घंटे काम लिया जाता था।

# इनामी बदमाश के मकान पर पुलिस ने चलाया बुलडोजर

## कार्रवाई के दौरान फरार था पूरा परिवार



**मुरैना।** रविवार की दोपहर सीएसपी के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा डकैत कल्ली गुर्जर के जीजा के मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे तहस-नहस कर दिया। इस दौरान इनामी बदमाश अपने परिवार सहित लापता बताया गया, इससे पूर्व नगर निगम ने उसके मकान पर नोटिस भी चस्पा किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में बदमाशों, माफिया के मकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई जारी है और इसी तारतम्य में रविवार की दोपहर नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के नेतृत्व में शहर कोतवाल योगेंद्र सिंह ने पुलिस बल एवं नगर निगम अमले के साथ 12 फुटी हनुमान मंदिर के पास सिद्ध नगर स्थित एक गली में बने 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश गिर्राज गुर्जर के मकान पर बुलडोजर चला दिया और पूरे मकान को तहस-नहस कर दिया। इस दौरान पूरा परिवार लापता था और कोई विरोध करने वाला नहीं दिखा। उल्लेखनीय है कि 3 दिन पूर्व 15 हजार रुपए के इनामी डकैत कल्ली गुर्जर एवं गिर्राज गुर्जर द्वारा पहाड़गढ़ थाने के स्याहीटेक गांव में ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थी, जिसमें एक महिला को चोट लगी थी। बताया जाता है कि कल्ली गुर्जर ने एक परिवार की लड़की से विवाह करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे लड़की के परिवार ने ठुकरा दिया और इसी के चलते कल्ली गुर्जर एवं गिर्राज गुर्जर ने अपने साथियों के साथ लड़की के परिवार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई तथा दहशत फैला दी। पुलिस अधीक्षक की ओर से गिर्राज गुर्जर पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

## मकान में लगी आग, तीन युवक घायल, लाखों का नुकसान

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की खनेता पंचायत के ग्राम चक का पुरा मैं रविवार की शाम एक मकान में सिलेंडर लीकेज हो जाने से आग भड़क गई और बुझाने के चक्कर में तीन युवक झुलस गए, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती




कराया गया है, वहीं आगजनी में घर गृहस्ती का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चक का पुरा में रहने वाले निहाल सिंह कुशवाह के घर पर 4 बजे के लगभग खाना बन रहा था, तभी सिलेंडर लीकेज हो जाने से मकान में आग फैल गई। आग बुझाने के प्रयास में प्रेम सिंह पुत्र निहाल सिंह 32 वर्ष, ध्रुव सिंह पुत्र भरोसी 21 वर्ष, राजकुमार पुत्र ब्रह्मजीत 20 वर्ष, बुरी झुलस गए। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आधा घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर गृहस्ती का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। परिजनों के मुताबिक इस आगजनी में दो लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## समृद्ध राष्ट्र के लिए श्रम और श्रमिकों का सम्मान जरूरी: सुधीर आचार्य

### -आचार्य आनंद टीम ने मज़दूर दिवस पर 60 हॉकर्स, वेंडर और गार्डन श्रमिकों का किया सम्मान



**अम्बाह।** मजदूर दिवस के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान के अभिप्रेरण से आचार्य आनंद क्लब द्वारा श्रमिकों का सामूहिक सम्मान कार्यक्रम एस आर एम गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, संयोजक विश्वनाथ गुर्जर, रोटेरियन अंकित मिश्रा, व्यवस्थापक दुष्यंत सिंह तोमर, महेंद्र सखवार, प्रबंधक अरविन्द मावई एवं बालकृष्ण शर्मा जिला संपर्क समन्वयक आनन्द विभाग ने श्रमिकों के साथ मिलकर सामूहिक गणेश पूजन कर आरम्भ किया। आयोजन के दौरान सड़क किनारे ढेले लगाने वाले हॉकर्स, वेंडर्स और मैरिज होम व गार्डन में विभिन्न कार्य करने वाले मजदूर, सिलेंडर की होम डिलीवरी करने वाले श्रमिक तथा शादी विवाह में कैटरिंग व डेकोरेशन का कार्य करने वाले मजदूर आदि 60 से अधिक श्रमिकों को साफी उड़ाकर आचार्य आनंद टीम के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि मानवता को बढ़ाने और अर्थगत एवं जातिगत भेद-भाव समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि हम सब श्रमिकों का सम्मान करें व उनके श्रम को महत्व दें। जिस देश में श्रम और श्रमिकों का सम्मान होता है ,वह देश जल्द ही समृद्ध होते हैं। आयोजन के दौरान संचालन आनन्दक बिंदुसार सिंह तोमर ने किया व आभार प्रदर्शन सचिव मनोज शर्मा ने किया।




## ट्रैक्टर ट्रॉली से भारी मात्रा में शराब एवं बियर की खेप बरामद

### शादी के सामान के नीचे छुपाकर ले जाई जा रही थी शराब, तस्कर ने पुलिस को किया परेशान



**मुरैना।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने गत रात्रि एक ट्रैक्टर ट्रॉली का पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया, लेकिन चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। ट्रॉली की तलाशी लेने पर शादी के रजाई गद्दे के नीचे अवैध शराब एवं बियर की पेटिया मिली, जिन्हें देखकर पुलिस के होश उड़ गए। सबलगढ़ पुलिस ने माल बरामद कर अज्ञात चालक के विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत सबलगढ़ थाना प्रभारी केके सिंह को शनिवार की देर शाम सूचना मिली के विजयपुर की ओर से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध शराब भरकर सबलगढ़ की लाई जा रही है। इस सूचना पर से थाना प्रभारी ने ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ने के लिए टीम टीम बनाई और उनको अलग-अलग दिशाओं में भेज दिया तथा एक टीम में स्वयं लोकेशन लेते रहे। जब थाना प्रभारी को सूचना मिली कि ट्रैक्टर ट्रॉली सबलगढ़ क्षेत्र में आ गई है और जेल के पीछे से जा रही है, तो उन्होंने कुतघाना रोड पर उसका पीछा किया और रोकने पर भी चालक ने उसे नहीं रोका तथा तेज गति से लहराता हुआ उसे भगाने लगा। आरोपी पुलिस को काफी देर तक परेशान करता रहा और फिर एमएस रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली को ले आया और कैलारस की ओर भागने लगा। इस दौरान उसका एक टायर भी फट गया, लेकिन फिर भी तस्कर नहीं माना और भागता रहा। थाना प्रभारी केके सिंह ने सभी थानों की पुलिस को सूचित कर घेराबंदी कराई और आखिरकार कुल्होली मोड़ के पास अंधेरे का लाभ लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली चालक वाहन को छोड़कर भाग निकला।

# बाल विवाह को समाज के सहयोग से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है: शिवहरे

### जिले में चलाया जा रहा है बाल विवाह रोकने विशेष अभियान, गार्डन मालिक, बाराती, पंडित, काजी व रसोईया पर भी होगी कार्रवाई



**मुरैना।** बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है इससे बच्चों के शोषण एवं अधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ समाज के विकास पर भी दुष्प्रभाव पडता है। इस कुरीति को समाज के सहयोग से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकता एंव चाइल्ड लाइन टीम से जुडे नितिन शिवहरे ने मुरैना जिले वासियों से अपील की है कि बाल विवाह न ही करें और ना ही आसपास बाल विवाह होने दें। बाल विवाह करना गैर कानूनी है। श्री शिवहरे ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम- 2006 के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के लड़का और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह प्रतिबंधित है। कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करता है, कराता है या उसमें सहायता करता है अथवा बाल विवाह को बढावा देता है तो उन्हें 2 वर्ष के कठोर कारावास या 1 लाख रूपए तक का अर्थदंड अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बाल विवाह रोकने के लिए आप चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, या वन स्टॉप सेंटर के कंट्रोल रूम दूरभाष 07532230021 एवं पुलिस 100 डायल पर भी बाल विवाह की सूचना दे सकते है, सूचना देने वाले का नाम ओर फोन नंबर गुप्त रखा जाता है, आपका एक फोन कॉल बाल विवाह होने से रोक सकता है इसलिए जिम्मेदार नागरिक बनें और बाल विवाह को रोकने में अपना फर्ज निभाएं।

### गार्डन मालिक सहित ये लोग भी पहुंच सकते हैं सलाखों के पीछे

बाल विवाह करने वालों सहित प्रोत्साहित व विवाह में सम्मिलित होने वाले बाराती, सेवा देने वाले जैसे धर्मगुरु, पंडित, काजी, मैरिज गार्डन, टेंट हाउस, कार्ड छापने वाले, हलवाई, ब्यूटी पॉर्लर, घोड़ी वाले, बैंड बाजे वाले, कैटर्स, समाज के मुखिया, सेवाप्रदात्ता आदि पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई हो सकती है।

# डॉक्टर गोविंद सिंह सबसे पहले राहुल बाबा की चिंता करें, सिंधिया हर समाज में लोकप्रिय नेता हैं : ओ पी एस भदौरिया

## नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के सिंधिया पर लगाए गए आरोपों पर किया पलटवार

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश सरकार सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि वे सबसे पहले अपने नेता राहुल बाबा की चिंता करें जो चुनाव हारते हैं । श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया पूरे देश और प्रदेश और ग्वालियर चंबल संभाग में लोकप्रिय जन नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं उन पर लगाए गए आरोपों से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखें कि हम कितने स्वच्छ और ईमानदार हैं द्य उन्होंने यह बात एक टीवी चैनल के माध्यम से एंकर से बातचीत करते हुए व्यक्त किए द्य

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने नेता प्रतिपक्ष के सिंह के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं ही उनके लिए काफी हूं ज्योतिरादित्य सिंधिया की तो बात बहुत बड़ी है द्य अगर उन्हें हार जीत की इतनी ही चिंता है तो पहले भोपाल में दिग्विजय सिंह को भी देख ले हमारी लहारकी बेटी साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने चार लाख अधिक मतों से हराकर भोपाल से बाहर कर दिया था द्य राज्यमंत्री भदौरिया ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव हराने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के दफ्तर में साजिश रची गई थी । वह नहीं चाहते थे कि सिंधिया जी चुनाव जीते बाहर से लोगों को आर्थिक राशि के सहयोग से उनके लोकसभा क्षेत्र में पहुंचाया गया द्य



उन्होंने कहा कि ग्वालियर चंबल संभाग में नहीं पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में मिशन 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी सभी सीटों पर भाजपा का परचम फहराया द्य

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पूरे देश और प्रदेश और संभाग में स्वच्छ और इमानदार जनप्रतिनिधि के रूम में उनकी स्वच्छ छवि को धूमल करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रदेश की जनता समझती है की कांग्रेस मात्र सत्ता के लिए झटपट आ रही है उनके पास कोई नीति नहीं है इसलिए सिंधिया को मोहरा बनाकर इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है द्य राज मंत्री भदौरिया ने कहा कि जो नेता प्रतिपक्ष ज्योतिराज सिंधिया को चुनाव हराने की बात करते हैं । 2019 के लोकसभा चुनाव में मुरैना से चुनाव लड़े थे तब चौथे नंबर पर रहे और अपने विधानसभा क्षेत्र लहार से कभी लोकसभा में कांग्रेस को जीता नहीं पाए तो पहले अपनी चिंता उन्हें करनी चाहिए तब दूसरों की बात करें लहार से कभी दूसरी विधानसभा देखी नहीं।

# सेनेटरी एंड ग्लास हाउस का फीता काटकर हुआ भव्य शुभारंभ

**दतिया।** प्रकाश प्लाइवुड हार्डवेयर नल फिटिंग सेनेटरी एंड ग्लास हाउस का फीता काटकर हुआ भव्य शुभारंभ जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व उप पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार दीक्षित विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर नगरिया पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धीरज महते भूरे चौधरी जनपद सदस्य सुल्तान खान पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा का समाजसेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर कार्यक्रम आयोजक राहुल चौरसिया द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में उपस्थित रहे दिलीप सक्सेना जॉनी मूर्तिकार सुनील गुप्ता योगेश शर्मा डॉ नीरज शर्मा नेतराम गौड़ राम प्रकाश प्रजापति मातादीन जाटव रघुवीर प्रजापति रामसिया जाटव आदि जन उपस्थित रहे।

## श्रमिक दिवस के उपलक्ष में महेंद्र मुणोत को शॉल व माला पहनाकर किया सम्मानित



**नारायणलाल सेंणचा/पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर** ≈ रविवार कर्नाटका राज्य कटड़ा निर्माण कार्मिक संघ द्वारा श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कल्याण नगर स्थित ज्ञान सौदा सभागार मैं आयोजित कार्यक्रम में कोरोना संकट के समय में श्रमिकों के लिए भोजन सेवा हेतु महेंद्र मुणोत को संघ के अध्यक्ष देवराज सचिव श्रीनिवास ने महेंद्र मुणोत को शॉल व माला पहनाकर सम्मानित किया गया । इस दौरान अध्यक्ष देवराज सचिव श्रीनिवास एवं अन्य सदस्यों ने धन्यवाद दिया ।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा जनकजाग्रति अभियान के चलते महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम एवं यातायात के नियमों से आम लोगों को जागरूक किया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंग चंदेल के निर्देशन मे जिला शिवपुरी मे जनजाग्रति अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते सभी थानों मे आम जन को महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम एवं यातायात के नियमों के संबंध मे लोगों को जारुक किया जा रहा है । पुलिस थाना कोलारस द्वारा स्कूलों मे जाकर एवं पुलिस थाना इंदार द्वारा ग्राम बिजरोनी मे जनजाग्रति अभियान के चलते आम जन को महिला सुरक्षा संबंधी बातें बताई गई एवं महिला सम्मान के लिये लोगों को आगे आने के लिये कहा साथ ही शिवपुरी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा पर विशेष अभियान चलाकर



लोगों को एवं शिक्षण संस्थानों पर जाकर क्षात्र-क्षात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे मे विस्तृत जानकारी दी जा रही है, साथ ही पुलिस द्वारा जनजाग्रति अभियान के चलते लोगों को नशा मुक्ति के बारे मे भी कहा जा रहा है एवं नशा से होने बाले कुप्रभाबों से भी अबगत कराया जा रहा है, पुलिस द्वारा लोगों को इस बात के लिये भी जागरुक किया जा रहा है कि आज के इस दौर मे लगभग सभी काम ऑनलाइन हो गये हैं जिससे लोगों के साथ सायबर फ्रॉड हो रहे है अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ न साझा करें एवं बैंकिंग की जानकारी किसी को भी न दें जिससे फ्रॉड होने से बचा जा सकता है । शिवपुरी पुलिस द्वारा समय समय पर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिये भी अभियान चलाये जाते है जिसके चलते शिवपुरी पुलिस द्वारा लोगों को सड़क हादसों से बचने के लिये यातायात नियमों के पालन के लिये जागरुक किया जा रहा है । पुलिस द्वारा आमजन से यह अपील की जा रही है कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना मे घायल हो जाता है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करें एवं पुलिस को तुरंत सूचना दें जिससे घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके ।

## 12ह्द्ध गणित समूह मैं प्रदेश मैं पहला स्थान पाने वाली प्रगति मित्तल को घर जाकर विकलांग बल मध्यप्रदेश ने पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर दी बधाई एवं शुभकामनाएँ



**श्योपुर** – विकलांग बल मध्यप्रदेश की और से 12ह्द्ध गणित समूह मैं प्रदेश मैं पहला स्थान प्राप्त करने वाली बिटिया प्रगति मित्तल को श्योपुर जिले का रोशन करने पर विकलांग बल प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक एवं श्योपुर जिलाध्यक्ष विक्की दीक्षित ने बिटिया प्रगति मित्तल के घर जाकर दी बहुत बहुत शुभकामनाएँ एवं बधाई! कक्षा-12 गणित समूह... प्रगति मित्तल पुत्री राजेन्द्र मित्तल (राजू टेंट हाऊस) प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर श्योपुर जिले का नाम रोशन किया इस मौके पर प्रगति मित्तल के घर बधाई देने पहुँचे प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, जिलाध्यक्ष विक्की दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राठौर, मुकेश मीणा, राजेंद्र बैरवा, सीताराम प्रजापति एवं अन्य सदस्य विकलांग बल मध्यप्रदेश के मौजूद रहे! विकलांग बल मध्यप्रदेश बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना करता है!

## संजय दत्त शर्मा ने रसायन विज्ञान में अर्जित किए 99 , रसायन में जिले में सर्वाधिक अंक।




**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**जिले के शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 भिंड के 12वीं के छात्र और सेंगर साइंस एकेडमी में प्रो. संजीव सेंगर के विद्यार्थी संजय दत्त शर्मा ने रसायन विज्ञान में 99 अंक अर्जित किए है जो कि जिले में सर्वाधिक अंक है । संजय दत्त शर्मा ने कक्षा 12 वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है । संजय दत्त शर्मा ने रसायन में जिले में सर्वाधिक अंक अर्जित करने का श्रेय सेल्फ स्टडी के साथ शिक्षक संजीव सेंगर और विद्यालय के शिक्षकों को दिया । उन्होने बताया कि अच्छे अंक अर्जित करने के लिए विभिन्न स्त्रोतों और पाठ्यवस्तु का अध्ययन करना बहुत बेहतर रहता है , उन्होंने एनसीईआरटी पुस्तक का सम्पूर्ण अध्ययन करने के साथ साथ सहायक विषयवस्तु और नोट्स की सहायता ली ।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ में त्रिदेव कार्यशाला संपन्न हुई

## आदरणीय सुरेंद्र बुधौलिया जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन मे बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री एवं बूथ लेवल एजेंट यानी त्रिदेव कार्यशाला का आयोजन किया गया

**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ मंडल में 9 शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं प्रभारी एवं 55 बूथो के सभी अध्यक्ष महामंत्री एवं ब्क्र उपस्थित रहे

कार्यशाला के प्रथम सत्र मैं चंद्रेश गुप्ता जी ने प्रशिक्षण दिया द्वितीय सत्र में देवेश चौधरी जी ने प्रशिक्षण दिया एवं तृतीय और अंतिम सत्र में आदरणीय शैलेंद्र वरूआ जी अध्यक्ष पाठ पुस्तक निगम कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ने प्रशिक्षण दिया तृतीय सत्र की अध्यक्षता आदरणीय सुरेंद्र बुधौलिया जी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने की शक्ति केंद्र प्रभारी रामस्वरूप मंडेलिया रामज्ञान शर्मा जी मुकेश शर्मा जी हरकिशन कुशवाहा जी कमलेश खटीक जी सोनू कदम जी दुर्गेश बघेल जी उपस्थित रहे संयोजक विजय दांतरे जी पहलवान कुशवाहा रामबाबू शर्मा जी राजेंद्र सिंह गुर्जर जी अयूब खान जी कैलाश नारायण शिवहरे जी रामप्रकाश करण जी उपस्थित रहे सह संयोजक नाथू सिंह जाट जी धर्मेंद्र बघेल जी उमाशंकर जी मुरारीलाल झा जी उदय भान धाकड़ जी उपस्थित रहे बूथ अध्यक्ष अजीज पठान जी चंद्र प्रकाश मिश्रा जी हरेंद्र धाकड़ जी



कमल सिंह कुशवाहा जी रामरतन खटीक जी एन डी गुप्ता जी भगवत नारायण शर्मा जी रामकिशोर सिहारी जी प्रभु दयाल जाटव जी वीर सिंह यादव जी देशराज सिंह गौर जी शीतल कुशवाहा जी सुनील शर्मा जी कल्याण सिंह जाटव जी दिनेश गुप्ता जी बलराम शाक्य जी भारत सिंह बघेल जी विजय कुमार दुबे जी भास्कर गुप्ता जी कमल कुशवाहा जी गणेश कुमार शर्मा जी अमर सिंह परिहार जी वीरेंद्र कुशवाहा जी सुंदरम मुद्गल जी भगवान दास कुशवाहा जी उमा शंकर पाल जी बादाम जाट जी रणवीर शाक्य जी दीपक शर्मा जी कुशल पाल गुर्जर जी सत्यम शर्मा जी बृजेश गौर जी लालजी गुर्जर जी गोपाल कुशवाहा जी कल्याण सिंह जाटव जी राकेश शर्मा जी मनीष गुप्ता जीबूथ महामंत्री घनश्याम विश्वकर्मा जी विमल दांतरे जी मनोज सहारे जी संजीव रिछारिया जी ज्ञाना लाल जाटव जी दीपक साहू जी गौतम धाकड़ जी गिरवर सिंह जी विनोद शर्मा जी जितेंद्र सिंह जी प्रमोद शर्मा जी कुलदीप परिहार जी सीता राम केवट जी पवन शुक्ला जी जय दयाल बघेल जी अजय कुमार जी गोपाल कुशवाहा जी हरचरण कुशवाहा जी दीनदयाल शिवहरे जी गौतम धाकड़ जी संजय जोशी जी पंकज ठाकुर जी मुलायम सिंह बघेल जी गेंदालाल जाटव जी प्रदीप सेन जी देवेंद्र कुशवाहा जी महेश कुशवाहा जी हुकुम सिंह कुशवाहा जी बी एल ए रिंकू सहारे जी मिथुन पटवा जी राम नरेश शर्मा जी भगवान सिंह कुशवाहा जी दीनदयाल शिवहरे जी जितेंद्र साहू जी ध्रुव सिंह गुर्जर जी आकाश सेन जी धर्म सिंह यादव जी बलवीर सिंह जी घनश्याम विश्वकर्मा जी मुरारी कुशवाहा जी अशोक सिंह राठौर जी फूल सिंह धाकड़ जी आसाराम कुशवाहा जी बुध सिंह जाटव जी नंदू विश्वकर्मा जी गिरवर सिंह बघेल जी गोविंद बिहारी जाटव जीएवं व्यवस्थापक अखिलेश सेन जी दिनेश सहारे जी राघवेंद्र करण जी भारत बंशकार जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# बूथ का कार्यकर्ता भाजपा की सबसे मजबूत कड़ीः गुर्जर

**संतोष सिंह भदोरिया**
**पुष्पांजलीं टुडे न्यूज़**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गोरमी द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर एक दिवसीय बूथ बिस्तारक त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन नगर के संस्कार शिक्षा अकैडमी परिसर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जी श्री गब्बर सिंह गुर्जर एडवोकेट एवं बिसेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी रंजीत सिंह कुशवाह जिला मंत्री राजकुमार जैन एवं आईटी एक्सपर्ट के रूप में रज्जन सिंह भदौरिया उपस्थित रहे । प्रशिक्षण वर्ग का प्रारंभ पंजीयन के साथ हुआ एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपना-अपना पंजीयन कराया इसके बाद उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का भाजपा के पट्टिका एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया अपने स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पार्टी ने आज बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर जो




विश्वास जताया है हम सबको पूरी ऊर्जा एवं शक्ति के साथ पार्टी के लिए काम करना है जिससे हम अपने अपने बूथ को और अधिक मजबूत बना सके अगर हमने अपना बूथ जीता तो समझो हमने चुनाव जीता इसलिए आप सभी त्रिदेव की जोड़ी का आगामी 2023 चुनाव में बड़ा महत्व है इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता गब्बर सिंह गुर्जर एडवोकेट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक बनाए गए त्रदेव बूथ अध्यक्ष एवं महामंत्री और बी एल ए बनाए गये है उन सबको पार्टी दुआरा 22 बिन्दू दिये गये है उन पर काम करना है जिनमे पार्टी के 6 मुख्य कार्यक्रम भी शामिल है। इस लिये आप सबको बूथ पर टीम बनाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे और पार्टी के प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने में मदद करेंगे ऐसी पार्टी की मंशा है।भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी को और अधिक मजबूत करने में लगे रहना चाहिए भारतीय जनता पार्टी बिचार आधारित पार्टी है हमारी पार्टी मूल्यों




और सिद्धांतों पर काम करने वाली पार्टी है हमने अपनी विचारधारा को कभी नहीं छोड़ा इस इस वजह से कई बार हम को सत्ता से बाहर भी होना पड़ा है लेकिन आप पार्टी ने फिर दीप्ति शिक्षण वर्क का आयोजन इस वजह से किया है जिससे पार्टी बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत हो जाए । कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग गरीब के साथ खड़ी है बिना किसी भेद भाव के सभी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है हमारी सरकार किसी के साथ भेद भाव नहीं करती है पार्टी का मुख्य उद्देश्य सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य कर रही है इस अबसर आईटी एक्ट के रूप में राजन सिंह भदौरिया ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला एवं कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहने की अपील की समापन सत्र पर जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह कुशवाहा ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा एक पार्टी जो कभी लोकसभा में दो सीट जीती थी वह आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है इसके पीछे पार्टी के लाखों लाख कार्यकर्ताओं की तपस्या है एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत तपस्या के बल पर पार्टी को आज यहां तक पहुंचाया है हम सबको इस बात पर गर्व होना चाहिए । प्रशिक्षण वर्ग का सफल संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्ग ने किया एवं अंत में आभार प्रगट पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र जैन ने किया। इस अवसर पर समस्त बूथ बिस्तारक, बूथ अध्यक्ष, बूथ बी एल ऐ एवं बूथ महामंत्री, एवं समस्त पदाधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रुप से वरिष्ठ नेता गोकुल सिंह परमार दलवीर सिंह तोमर सुरेन्द जैन श्री कृष्ण कटारे पटेल यादव ऋषिकेश शर्मा सोनू भदोरिया ध्रुव शर्मा नाथू पटेल सुभाष यादव संतोष भदौरिया आदर्श शर्मा अजय तिवारी राजेश चुरारिया मुकेश थापक होतम रावत डॉ अनिल मैथिल अरविंद जैन विधि राम कटारे विजय कुशवाह पप्पू शर्मा श्रीमती गुड्डी गुर्जर हरि सिंह राजावत बल्लू पांडे बीपी भदौरिया रणवीर परमार मुकेश भदोरिया जंडेल सिंह परमार रमाकांत शर्मा अरविन्द थापक रामभोग शर्मा सुरेश शर्मा उत्तम शुक्ला सुरेन्द श्रीवास विपिन यादव सोनू बघेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नकारात्मकता से दूर रहते हुए पूरे मन से प्रयास करेंगे तो सफलता मिलनी तय है : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

### विद्यार्थी हिम्मत न हारें सफलता जरूर मिलेगी-मनोज पचौरी

### सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया की मंशानुसार जिले में किया गया कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन...

**उमाकान्त शर्मा चम्बल संभाग संबाददाता पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने भिण्ड जिले में छात्र-छात्राऐं 10वीं और 12वीं करने के बाद वे कौन-सा कैरियर चुनें या फिर किस कोर्स में प्रवेश लें इस संबंध में विशेष प्रयास किये जाने की मंशा अनुसार भिण्ड जिले में शासकीय/अशासकीय स्कूल एवं कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र/छात्राओं के कैरियर को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन एवं सहयोगीजनों द्वारा कैरियर काउन्सिलिंग का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में किया गया।

कैरियर काउंसलिंग में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, एलुमनी डॉ रश्मि यादव वर्चुअल माध्यम से एवं सभागार से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिभुवन सिंह तोमर, एलुमनी श्री मनोज पचौरी फाइनेंस डायरेक्टर पुणे, डॉ सोनवीर सिंह फिजिक्स प्रोफेसर एमजेएस सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को उनके करियर के लिए सही मार्गदर्शन मिले इसके लिए कैरियर काउंसलिंग की शुरुआत की है। यह अभिनव पहल किशोर-किशोरियों के लिए उनके बारे में उनके सभी संदेहों को दूर करने में मदद करने के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में कार्य करेगी। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। इस समय के दौरान उन्हें केवल किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता होती है जो उनका मार्गदर्शन कर सके, उनके सपनों को समझ सके और उन पर विश्वास कर सके। उन्हें हाथ पकड़ने की जरूरत है और उन पर दूसरों के सपने और सामान का बोझ नहीं होना चाहिए। हमने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग की पहल की गई है।



सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 12वीं एवं 10वीं परीक्षा में प्रदेश एवं जिला स्तर पर मैरिट में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इंसान वैसा ही बनता जाता है जैसी वह सोच रखता है। यह कथन छोटे या बड़े हर व्यक्ति पर लागू होता है। आप जिंदगी में सफल तभी हो सकते हैं जब आप सफलता हासिल करने के प्रति अपनी सोच को सकारात्मक रखेंगे। अगर अपनी खामियां ढूंढ-ढूंढकर खुद को कमतर ही आंकते रहेंगे तो कभी सफलता की ओर कदम नहीं बढ़ा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल तभी हो सकते हैं जब आप अपनी काबिलियत का सौ प्रतिशत इस्तेमाल करें। अगर आप थोड़ी सी परेशानियों से घिरने पर खुद की क्षमताओं पर ही संदेह करने लगेंगे तो सफल होना मुश्किल है। हो सकता है कि एक बार प्रयास करने पर सफलता न मिले लेकिन अगर आप नकारात्मकता से दूर रहते हुए पूरे मन से प्रयास करेंगे तो सफलता मिलनी तय है। सकारात्मक सोच का संबंध सिर्फ आपके करियर से ही नहीं है, यह आपके परिवारिक और सामाजिक जीवन से भी जुड़ी है। नकारात्मक सोच वाले व्यक्ति अपने आसपास एक ऐसा नकारात्मक माहौल बना लेते हैं। जो जीवन में आगे बढ़ने वाले रास्तों को बंद कर देता है। कभी गौर करें कि जब आप जीवन के प्रति सकारात्मक बातें करते हैं तो बहुत से लोग आपकी ओर आकर्षित होते हैं वहीं अगर आप हर समय जीवन के नकारात्मक पहलुओं को ही कुरेदते रहते हैं तो हर कोई आपके साथ से बचना ही चाहता है। जीवन से जुड़ी अपेक्षाएं पूरी न होने पर निराशा स्वाभाविक है लेकिन अगर आप उस निराशा के अंधेरे में ही डूबे रहेंगे तो आशा की दूसरी किरणों को पहचान भी नहीं पाएंगे।

उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आना लाजमी है। लेकिन आपके असल व्यक्तित्व की पहचान आपके उस रवैये से है जो आप परेशानियों में घिरा होने पर अपनाते हैं। कुछ लोग जीवन के सकारात्मक पहलुओं को ढूंढ-ढूंढकर अपनी जिंदगी में उत्साह बरकरार रखते हैं और कुछ लोग नकारात्मकता से इस कदर घिर जाते हैं कि कोई गलत कदम उठाने से भी नहीं चूकते। अपनी जिंदगी का एक लक्ष्य बनाकर चलें तो दिमाग को भटकने से बचाया जा सकता है।

आपकी काबिलियत इसमें है कि आप इन परिस्थितियों को खुद पर हावी न होने दें और खुद में सकारात्मकता का संचार करें।

कैरियर काउंसलिंग अंतर्गत श्री मनोज पचौरी ने उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया कि विद्यार्थी जो 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी कर चुके होते हैं अपने कैरियर को लेकर काफी कंफ्यूज रहते हैं। इसके लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। उन्होंने शिक्षा एवं कैरियर के संबंध में बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आपकी राह में कठिनाई आयेगी पर आप हिम्मत न हारें कोशिश करते रहें, निरंतर प्रयास करते रहें परिणाम के बारे में न सोचें। आप सब में जज्बा है आपके लिए संसाधनों की भी कोई कमी नहीं है। टीम बना कर पढ़ाई करें, 12वीं पर फोकस करिए कैरियर के रास्ते अपने आप खुल जायेंगे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि बच्चे परीक्षा को लेकर तनाव में न आएं और न ही वे हतोत्साहित हों। पढ़ाई के प्रति उनका पूरी तरह उत्साहवर्धन किया जाएगा समय-समय पर बच्चों की काउंसिलिंग कर अध्ययन की उचित सलाह दी जाएगी। उन्होंने बच्चों को समझाईश दी कि वे मेहनत से पढ़ाई करें, सफलता और असफलता की चिंता न करें, बल्कि आत्मविश्वास एवं एकाग्रता के साथ पढ़ाई पर ध्यान दें। इसके साथ ही कलेक्टर ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में भिण्ड जिले के प्रदेश एवं जिले में टॉप आने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान करते हुए बधाई दी।

## शिवपुरी जिले के सभी पुलिस थानों मे आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ली गई , त्योहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्ण मानाने के लिये लोगों को किया जागरुक




**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में शांति समिति की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें आगामी त्योहार ईद एवं परशुराम जयंति को शांतिपूर्वक तरीके से मनाई जाने की समझाइश दी गई, एवं अन्य त्योहारों पर शांती व्यवस्था बनाये रखने के लिये जागरुक किया । शांति समिति की मीटिंग मे सभी लोगों से उनके क्षेत्र मे ईद की नमाज एवं परशुराम जयंति पर जलूस किन किन स्थानों पर किया जाना है एवं समय क्या रहेगा की जानकारी ली जिससे पुलिस व्यवस्था लगाई जा सके । मीटिंग में थानों के अपने–अपने क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए । उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को ईद, परशुराम जयंति एवं अन्य त्योहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाने की समझाइश दी एवं जो कोई भी व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का अपराधिक कृत्य करता है उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें जिससे उसके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही की जा सके ।

## भाजपा का त्रिदेव व सोशल मीडिया का प्रशिक्षण सम्पन्न, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए का हुआ प्रशिक्षण



**मोनू बाथम**

**गोहद** भारतीय जनता पार्टी गोहद द्वारा त्रिदेव व सोशल मीडिया का प्रशिक्षण टचस्टोन स्कूल में सम्पन हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया, शोभित अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन ने की व संचालन महामन्त्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त प्रमोद कामत ने किया। मुख्य वक्ता शोभित अग्रवाल ने कहा कि हमारा बूथ भारतीय जनता पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए जिसे हमने त्रिदेव की संज्ञा दी है। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक ताकत कार्यकर्ता है। जो भारतीय जनता पार्टी को आगे ले जाने का काम करते हैं। बूथ विस्तारक अभियान में हमने बूथों को डिजिटल किया है। प्रशिक्षण के बाद हमें पन्ना प्रमुख और पन्ना समितियों को डिजिटल बनाने के काम में जुटना है। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संगठन जयप्रकाश राजोरिया ने गोहद नगर मंडल के त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा हम सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करना है शासन की योजना का लाभ नीचे के व्यक्ति को प्राप्त हो! यह हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश कुशवाह, अमरसिंह कुशवाह, दशरथ घुरैया, भीकम कौशल,सौरभ पाण्डेय, राजेन्द्र गुप्ता, रामसिया जाटव, रामप्रसाद कुशवाह, सन्तोष राठौर, सन्तोष प्रजापति, गिर्राज शर्मा, प्रदीप भरद्वाज, मदन श्रीवास, विकास जैन, पिंकी सगर, राजीव व्यास, राधेश्याम गौड़, भुसेवक शर्मा, मयंक काकर, विवेक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौपा ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर,** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण पत्रकारों के हितार्थ ग्वालियर जिला इकाई के तत्वावधान में एवं संभागाध्यक्ष सर्वेश पुरोहित के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया, इस ज्ञापन में पत्रकार हित में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर संभागीय अध्यक्ष सर्वेश पुरोहित, जिलाध्यक्ष संजय शर्मा और अध्यक्ष मंडल के प्रदेश संयोजक राजकुमार दुबे ने अपनी मांगों के संबंध में ग्वालियर के संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना से विस्तृत चर्चा की, इस चर्चा के दौरान संभाग आयुक्त ने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की मांगों को शासन स्तर पर पहुँचाने का भरोसा दिलाया एवं




पत्रकारों की हर संभव सहायता का आश्वासन दिया, 21 सूत्रीय माँगों में प्रमुख रूप से पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना, जिला स्तर पर एक प्रेस कॉम्प्लेक्स का निर्माण, कतिपय मीडिया हाउस द्वारा पत्रकारों को अवैतनिक कार्य करवाने पर रोक लगाने, टोल नाकों पर अधिमान्य पत्रकारों को छूट देने की मांग शामिल हैं, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में दिए गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष मंडल के संयोजक साथी गण राजकुमार दुबे, संभागीय अध्यक्ष सर्वेश पुरोहित,जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, संभागीय महासचिव सुशील कौशिक, संभागीय कोषाध्यक्ष राकेश झा, जिला महासचिव विनोद मिश्रा, गजेंद्र इंगले,रघुवीर कुशवाह, मयंक गुप्ता उमेश वर्मा, देवेंद्र तिवारी सनी गांगुली, अभिषेक प्रताप सिंह, अनिल शर्मा, संजय अयेलिया, किशनराव डोंगे, सुनील वर्मा, सोमेश शर्मा,अनूप चौहान, सतेंद्र रावत, मोनू राठौर, जितेंद्र पांडेय, भरत चौहान, पवन परूथी , अरविंद सिंह पवैया, शिवम आर्य आदि साथी मौजूद रहे।

# महिला को बेरोजगार कर उनके पेट पर लात मार रही है प्रदेश सरकार : शालिनी राजपूत

### शालिनी राजपूत का सवाल क्या यहीं है प्रदेश सरकार का महिला सशक्तिकरण अभियान?

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने आज राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपी। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से रेडी टू ईट निर्माण का कार्य महिला स्व सहायता समूह को दिए जाने के संबंध में चर्चा किया। माननीय उच्च न्यायालय ने रेडी टू ईट निर्माण को लेकर 287 याचिकाओं को खारिज करते हुए इस पर प्रदेश सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया है। भाजपा महिला




मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि हम सभी माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं, लेकिन प्रदेश सरकार अब अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए यह कार्य पुनः महिला स्व सहायता समूह को सौंपे इस मांग को लेकर भी राज्यपाल महोदय से चर्चा की। एक ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिला सशक्तिकरण की बातें करते है तथा दूसरी ओर उन्हीं महिलाओं के हाथों से काम छीनकर उन्हें बेरोजगार करने का काम भी कर रहे है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु महिला समूह का गठन करके उन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत भिन्न-भिन्न कार्य सौंपा है तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिला स्व. सहायता समूहों के काम को छीन कर न केवल उन्हें बेरोजगार कर रही बल्कि उनके पेट पर लात मार रही है। अगर प्रदेश की सरकार महिलाओं का सच में भला चाहती है तो वह रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण का कार्य पुनः महिला स्व. सहायता समूहों को सौंपे। यही महिलाओं के हित में होगा। इस अवसर पर विशेष रुप से श्रीमती शालिनी राजपूत डॉक्टर ममता साहू विभा अवस्थी सीमा साहू सोना वर्मा संध्या तिवारी डॉक्टर किरण बघेल बिंदु महेश्वरी सविता चंद्राकर चेतना गुप्ता संगीता जैन मिली बनर्जी ललिता वर्मा सरला वर्मा अमेरिका वर्मा रानी पटेल प्रमिला साहू रुकमणी तिवारी और भारी संख्या में रायपुर शहर एवं रायपुर जिला ग्रामीण की महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित थे

## महिला ने छेड़खानी का विरोध किया तो दरिंदो ने चलती ट्रेन से फेंका

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध करने पर 25 वर्षीय एक महिला को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार रात को खजुराहो (मध्य प्रदेश) और महोबा (उत्तर प्रदेश) स्टेशनों के बीच एक यात्री ट्रेन में हुई। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की रहने वाली इस महिला को उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। जबलपुर के राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनायक वर्मा ने बताया कि एक पुरुष सहयात्री द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध करने पर महिला यात्री को चलती ट्रेन से कथित तौर पर धक्का दे दिया गया। वर्मा ने कहा कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने वाली है।

### आरोपी के हाथ में काटा

महिला ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए कहा कि मैं बागेश्वर धाम ( छतरपुर) मंदिर में पूजा करके ट्रेन से वापस आने के दौरान एक सहयात्री ने मेरे साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। काफी देर तक अनदेखा करने के बाद मैंने विरोध शुरू किया। आरोपी के हाथ में मैंने काट लिया. इसके बाद 30 वर्षीय आरोपी ने राजनगर के पास महिला को चलती ट्रेन से फेंक दिया। महिला ने बताया कि वह पिछले नौ माह से नियमित रुप से बागेश्वर धाम मंदिर में दर्शन के लिए आ रही है।

# गोहद में मना मई दिवस

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद प्रेम नारायण माहोर से प्राप्त जानकारी अनुसार गोलंबर पर रिक्शा चालक यूनियन. (सीटू) मध्य प्रदेश किसान सभा अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने मिलकर रविवार 1 मई 2022 को मई दिवस मनाया इस मौके पर रिक्शा चालक व्यापक पैमाने पर एकत्रित हुए मध्य प्रदेश किसान सभा कार्यकर्ता पदाधिकारी अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई जहां मई दिवस पर नारेबाजी की गई मई दिवस जिंदाबाद समाजवाद जिंदाबाद साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये गये इस मौके पर सभा हुई जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर माकपा जिला



सचिव ओपी बाथम रिक्शा चालक यूनियन के नेता सुनील माहौर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सचिव शोभा माहौर ने अपने विचार व्यक्त किए

वक्ताओं ने एक मई 18 86 में अमेरिका के शिकागो शहर में हुई रैली का जिक्र किया और कहा काम के घंटे तय किए गए लड़ी गई लड़ाई में तमाम महिला पुरुष शहीद हुए आज मई दिवस के दिन उनको याद किया जाता है वक्ताओं ने कहा गोहद में ई-रिक्शा से नगर पालिका ठेकेदार के माध्यम से वसूली करती थी लंबे संघर्ष के बाद ई रिक्शा चालक यूनियन ने जीत हासिल की और 1 वर्ष का ?8000 बचा लिया गया इस कारण एक मई दिवस पर खुशी का वातावरण है और हम सभी आने वाले समय में एकजुट होकर संघर्ष करेंगे और वक्ताओं ने कहा कि आज हम सभी हाट बाजार के ठेके को निरस्त कराने का संकल्प लेते हैं सभा उपरांत रिक्शा चालक यूनियन की तरफ से मिष्ठान वितरण किया गया और आगामी बुधवार को गोहद एसडीएम को ज्ञापन देने का फैसला किया गया मई दिवस के अवसर पर मध्यान भोजन में कार्यरत आधा सैकडा महिलाएं भी अपने अधिकारों की मांग को लेकर मई दिवस पर एकत्रित हुई सभी ने एकजुट संघर्ष का एलान किया! मई दिवस पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर मुन्ना लाल कुशवाहा, उदय सिंह श्रीवास, हरिशंकर माहौर, संतोष राठौर, महेश प्रजापति, सरोज श्रीवास, चमेली बाई ,प्रकाश बती , कमला राठौर लक्ष्मी कुशवाहा सहित सैकडों मजदूर महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# दिनांक 30 अप्रैल को मिहोना मंडल में त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग हुआ सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मिहोना।** मंडल के मंदाकिनी पैलेस में अध्यक्ष विकाश बौहरे की अध्यक्षता में त्रिदेव प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें मंचासीन अतिथियों में मुख्य बक्ता श्री भुजबल सिंह तोमर जी,मंडल प्रभारी बक्ता श्री अनिल कटारे जी,मुख्य अतिथि पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष श्री हृदेश सिंह जी,विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष श्री संतोष बौहरे जी,सोशल मीडिया श्री रामशंकर शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रुद्रप्रताप सिंह ने किया अंत में आभार व्यक्त बरिष्ठ साहित्यकार हरीबाबू निराला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतेंद्र चौहान(मंडल उपाध्यक्ष),मंड़ल मंत्री डॉ. अमित कुमार, चित्ररंजना श्रीवास्तव, राजेश






राठौर, अम्बरीश कौशिक, पूर्व पार्षद डॉ.वीरेंद्र सिंह यादव, इंद्रसेन सोनी,अनिल बौहरे, सुनील सिरोठिया, राहुल पाराशर, रोहित श्रीवास्तव, रामबीर तिवारी, दीपू खान, वासुदेव बघेल,विवेकानंद शर्मा, एवं संयोजक,समस्त बूथ अध्यक्ष,बूथ महामंत्री,बी.एल.ए. उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज से चलेंगी डीडी नगर से महाराज बाड़ा तक सिटी बसें, लोकल परिवहन के लिए नागरिक नहीं होंगे परेशान

ग्वालियर। स्मार्ट सिटी ग्वालियर द्वारा संचालित स्मार्ट सिटी बस सेवा के तहत अब कल से डीडी नगर से महाराज बाड़ा के रूट पर सिटी बसों संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के नागरिकों को सुगम और व्यवस्थित एवं सस्ती सिटी परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 स्मार्ट बसें प्रारंभ की जा रही है जिसमें आम नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सिटी बस के संचालन के तहत निम्न सुविधा शहर में परिवहन करने वाले यात्रियों को प्रदान की जाएगी जिसमें बस स्टॉप पर ही रुकेगी बसें। हर 15 से 20 मिनट में मिलेगी यात्रियों को बस। साथ ही सुबह 8ः30 पर बस सेवा शुरू होगी और रात्रि 8 बजे तक चलेगी। प्रति 3 किमी का किराया 7 रूपया रहेगा, इसके बाद हर एक किमी पर 1 रूपये बडेगा तथा दीन दयाल नगर से महाराज बाडे तक 20 रूपये किराया रहेगा। महिलाओ के लिए सीट आरक्षित होगी। विकलांग वर्ग को किराए में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट इसके साथ ही 5 वर्ष तक के बच्चो का नही लगेगा टिकट। अभी ट्रायल के तौर पर एक ही रूट पर बस संचालित की जा रही हैं। इसके बाद नागरिकों की सुविधानुसार आगे अन्य रूटों पर भी बस चलाई जाएंगीं।

### राजस्व विभाग की सिरोल स्थित भूमि परिसम्पत्ति की नीलामी की प्रक्रिया जारी

ग्वालियर। राजस्व विभाग की सिरोल स्थित भूमि परिसम्पत्ति की नीलामी की प्रक्रिया प्रचलन में है। भूमि का क्षेत्रफल लगभग 1730 वर्गमीटर है। इस परिसम्पत्ति के विक्रय के लिए निविदाएँ प्राप्त करने की तिथि 30 मई 2022 तक निर्धारित है। शासन द्वारा इस सम्पत्ति का रिजर्व मूल्य 1.32 करो? रूपए निर्धारित किया गया है। परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के संबंध में प्री-बिड बैठक 6 मई 2022 को परिसम्पत्ति स्थल पर दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। इस सम्पत्ति की नीलामी निविदा व ई-ऑक्शन के माध्यम से 31 मई 2022 को की जानी है। निविदा के लिए आवेदन एमपी ई-टेण्डर www.mptenders.gov.in पर भी किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये सहायक प्रबंधक लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग श्री अर्पित पटेल मोबा. 8770289015 से भी संपर्क किया जा सकता है।

### भाजपा द्वारा चार मंडलों की त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशालाएं संपन्न

ग्वालियर। जिस प्रकार त्रिदेव ब्रम्हा, विश्णु और महेश सृष्टि का संचालन करते हैं, उसी प्रकार हमारे बूथ स्तर के त्रिदेव अर्थात् बूथ अध्यक्ष, महामंत्री तथा बीएलए धरातल पर पार्टी का संचालन करेंगे। तीनों देव अपनी बूथ समिति एवं बूथ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा की रीति नीति तथा विचार को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा संगठन को और शक्तिशाली बनाएंगे। इन त्रिदेव की पराक्रम और लगन से हम आगामी चुनाव में 51 प्रतिशत मत हासिल करने में निश्चय ही सफल होंगे। उक्त उद्गार रविवार को भाजपा नेताओं ने मंडलों की त्रिदेव कार्यशालाओं में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। वीर सावरकर मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला बघेल छात्रावास, नाका चंद्रबदनी में संपन्न हुई। इस कार्यशाला उद्घाटन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री जयप्रकाश राजौरिया ने किया एवं समापन ग्वालियर महानगर के प्रभारी संगठन श्री मधु वर्मा ने किया। हेमू कालानी मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला मुखर्जी भवन महाराज बा?ा पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता श्री वेद्रपकाश शर्मा उपस्थित थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला रेडिएंट स्कूल, गु?ा गु?ी का नाका पर संपन्न हुई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री श्री राजू सेंगर उपस्थित थे। भगत सिंह मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला मदन मोहन जी का मंदिर पर संपन्न हुई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री श्री हरीश मेवाफरोश मौजूद थे। इस कार्यशाला में पूर्व विधायक श्री मुन्ना लाल गोयल, जिला उपाध्यक्ष श्री दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र राणा, सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक श्री सुनील मिश्रा, कार्यशाला मंडल प्रभारी श्री सूरज लक्षकार, मंडल अध्यक्ष हरिओम झा, मंडल उपाध्यक्षगण जुगल गुर्जर, दिनेश यादव, रवि शर्मा, यश शर्मा, कुलदीप चतुर्वेदी, जितेंद्र कुशवाहा, जय सिंह तोमर, मंडल महामंत्री मनीष भिलवार, दीपक मुद्गल, अनिल कौरव, अनिल रजक, संजय खटीक, पंकज पाठक, विकास चैधरी, गौरव जैन, शैलेष मित्तल, दीपक पांडे, रणविजय कुशवाहा, नीलू भदौरिया, अनिल शर्मा सहित सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक, सभी बूथों के अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए विस्तारक एवं ऐप विस्तारक मौजूद रहे।
कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री श्री मनीष भीलवार एवं आभार प्रदर्शन शक्ति केंद्र क्रमांक 26 के संयोजक श्री मुकेश दुबे ने किया।

### मानव सेवा से दुआयें मिलती हैः प्रद्युम्न सिंह तोमर

**रोटरी का कृतिम हाथ वितरण शिविर आयोजित हुआ**



ग्वालियर। ग्वालियर में रोटरी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर रोटरी क्लब ग्वालियर द्वारा इंडियन मोडिकल एशोसिएशन, श्री भगवान महावीर निर्वाण न्यास, रोटरी क्लब जयपुर मेजिस्टी के साथ मिलकर कृत्रिम हाथ वितरण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मानव सेवा करने से दुआयें मिलती है और ऐसे आयोजनों से जरूरतमंद को लाभ होता है। वहीं समाज में सकारात्मक सोच पैदा होता है। उन्होंने जयपुर से आई टीम का स्वागत अभिनंदन करते हुये कहा कि जो लोग दिव्यांगों को सक्षम बना रहे है वह ईश्वर का काम कर रहे है। कार्यक्रम में 37 हितग्राायियों को निःशुल्क कृतिम हाथ लगाये गये। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित दैनिक भास्कर के स्थानीय संपादक धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि जिन लोगों को आज ये कृतिम हाथ लगेंगे वह सक्षम तो बनेंगे ही साथ ही अपने दिनचर्या के कार्य भी कर सकेंगे। श्री भदौरिया ने सामाजिक संस्थाओं के इस प्रकार के कार्य करने की सराहना की और बताया कि मुंबई की संस्था भी देशभर में इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज को लाभान्वित कर रही है। कार्यक्रम में हीरक जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने स्वागत भाषण करते हुये आयोजन की रूपरेखा बताई उन्होंने कहा कि आजादी के पहले ग्वालियर में रोटरी की स्थापना 30 जून 1947 को हुई थी। कृतिम हाथ वितरण शिविर को डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, डॉ. प्रियंवदा भसीन, रोटरी के राजेन्द्र मल्होत्रा जयपुर से आये रोटे. शांति लाल गंगवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर मेजिस्टि के सदस्यो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनीष चतुर्वेदी, डॉ. प्रशांत लहारिया, श्रीमती चंद्रलेखा गंगवाल, अंजू गंगवाल, मानसी गंगवाल, शंकर लाह, डॉ. वी.के. जैन सहित अनेक रोटे. उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सचिव प्रदीप पाराशर ने किया। आभार प्रदर्शन शरद जैन ने माना।

# मानवता की सेवा करना सबसे बडा पुण्य का कार्य - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर






### महावीर भवन में निःशुल्कप कृत्रिम हाथ वितरण शिविर सम्पऊन्नम

ग्वाालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न् सिंह तोमर ने कहा कि मानवता की सेवा करना सबसे बडा पुण्य का कार्य है। पी?ितों की मदद से बडा कोई और पुण्य नहीं हो सकता। श्री तोमर ने यह बात रविवार को रोटरी क्ल्ब ग्वा लियर, श्री भगवान महावीर निर्वाण महोत्सरव न्याीस, इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन ग्वाकलियर एवं रोटरी क्लदब जयपुर मैजेस्टीन के संयुक्तु तत्वारधान में अयोजित निऱ्शुल्का कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में कही। उन्होंने कहा अन्रू संस्थातओं को भी मानव सेवा के लिये आंगे आकर कार्य करना चाहिए। कोरोना काल में सामाजिक संस्थाओं द्वारा की गई मानव सेवा का उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया।

महावीर भवन कंपू पर आयोजित निऱ्शुल्कक कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में दैनिक भास्किर के स्थाभनीय सम्पारदक श्री धर्मेन्द्रल भदौरिया, रोटरी क्लेब के अध्य क्ष श्री राजेन्द्रह मल्हौीत्रा, रोटरी क्लवब जयपुर मैजेस्टी? के अध्य्क्ष श्री एसएल गंगवाल, चैम्बार ऑफ कॉमर्स के उपाध्योक्ष श्री प्रशांत गंगवाल, केट के अध्य?क्ष श्री भूपेन्द्रक जैन, इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन ग्वा लियर की अध्य?क्ष डॉ. प्रियम्बजदा भसीन व कार्यक्रम संचिव श्री प्रदीप पारासर सहित सम्मोनीय गणमान्य् नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सचिव श्री प्रदीप पाराशर ने बताया कि जिन लोगों के हाथ कोहनी से नीचे चार से पांच इंच छो?कर बाकी हिस्सा भंग है उन लोगों को परीक्षण के बाद हाथ लगाये गए हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि यह कृत्रिम हाथ वैसे तकरीबन 20 हजार मूल्य से अधिक का आता है जो कि आज संभी संस्थाटओं के संयुक्तय प्रयास से लगभग 55 जरूरत मंदों को निशुल्क लगवाए गए। हाथ के माध्यम से लोग दैनिक जीवन की गतिविधियां जैसे पानी का गिलास उठाना, साइकिल चलाना, चाय का कप एवं खाना खाने के साथ साथ लिखने व पांच से सात किलो का वजन उठाने का कार्य भी कर सकते है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने मेधावी छात्र-छात्राओं का घर-घर जाकर किया सम्मान





ग्वाालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्नी सिंह तोमर ने उपनगर ग्वाालियर में निवासरत छात्र-छात्राओं के घर पहुंचकर उनका सम्मानन किया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्जयवल भविष्यव की कामना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें और लक्ष्य पर फोकस रखते हुए आगे बढ़ें तो लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकेंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आज मोतीझील रेलवे क्रासिंग के पास निवासरत सुश्री पूर्वी राय का सिविल जज में चयन होने पर उनके निवास पर पहुंचकर शॉल श्रीफल से उनका सम्माान किया और सुश्री पूर्वी राय के माता-पिता व दादी को इस



सम्मालन का हकदार बताया।

इसके साथ ही हलवाट खाना किला गेट स्थित एमपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के रिजल्ट में प्रदेश में 10वीं रेंक और ग्वालियर में प्रथम स्थान प्राप्त करने बाले होनहार छात्र सागर गर्ग के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया और अपनी ओर से 20 हजार रुपये की प्रोत्साहित राशि देने की घोषणा की। साथ ही तिरछी हाट किलागेट स्थित हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दो होनहार छात्राओं को भी सम्मा्नित किया।

### भाजपा ने मंहगाई के बनाए तीन निशान, रोटी, कपड़ा, मकान : देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज ग्वालियर महानगर की तीनो विधानसभांओ के प्रत्येक वार्ड में मंहगाई ब?ाने वाली एवं यूवांओ को बेरोजगार बनाने वाली, नौकरी देने के नाम पर मौन रखने वाली, ग्वालियर को खंड्डर सिटी बनाने वाली भाजपा के खिलाफ पदयात्रा एवं पुतला दहन किए गए। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू, थाठीपुर ब्लॉक के अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव, ब्लॉक 4 के कार्यवाहक अध्यक्ष धर्मेन्द्र वर्मा, ने अपने-अपने वार्डो में धरने पदयात्रा, शवयात्रा निकालकर एवं पुतला दहन करते हुए कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन के ख्वाब दिखाए, 15-15 लाख रू हर नागरिक के खाते में पहुचेंगे यह वादा किया, केन्द्र में सरकार आने के बाद भाजपा ने मंहगाई के बनाए तीन निशान, रोटी, कप?ा और मकान। मकान बनाने के संसाधन मंहगे, रोटी बनाने की खाद्य सामग्री मंहगी, कप?ा पहनना मुश्किल हो गया है, प?ा लिखा युवा बेरोजगारी का बोझ लेकर दर-दर की ठोकर खाने के मजबूर हो गया है, भाजपा का धरातल पर विनाश और कागजो पर विकास हो रहा है।

# गुरू परंपरा ने पीढ़ी दर पीढ़ी देश व संस्कृति की रक्षार्थ अपना बलिदान दिया : सुश्री उषा ठाकुर



### सिख गुरू तेगबहादुर जी के 400 वे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 'हिन्द दी चादर' कार्यक्रम आयोजित

### संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर व ऊर्जा मंत्री श्री तोमर हुए शामिल

ग्वालियर। सिख गुरूओं की परंपरा ने अन्याय व अत्याचार का पुरजोर विरोध कर मानवता की रक्षा की। गुरूओं की परंपरा ने पी?ी दर पी?ी देश की संस्कृति, धर्म व समाज की रक्षा के लिये अपना बलिदान देती रही। त्याग एवं तपस्या की यह सच्ची कहानी सदैव देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। इस आशय के विचार प्रदेश की संस्कृति, पर्यटन एवं अध्यात्म विभाग की मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने व्यक्त किए। सुश्री उषा ठाकुर सिखों के नौंवे गुरू तेगबहादुर जी की 400 वे प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित ÷हिन्द दी चादर÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौजूद थे।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सदैव से धन की नहीं, त्याग, तपस्या व बलिदान की पूजा होती रही है। हम सब आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आने वाली पी?ी को सिखों की बलिदानी परंपरा से अवगत कराने और भारत की कालजयी संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में फहराने का संकल्प लें। उन्होंने कहा सिख संगत द्वारा तमाम रचनात्मक कार्यों में दिया जा रहा योगदान विशेष रूप से सराहनीय है। सिख संगत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर ग्लोबल वार्मिंग से ल?ने में भी अपना अहम योगदान दे रही है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिख गुरू परंपरा को नमन करते हुए कहा कि नौंवे गुरू तेगबहादुर जी द्वारा बताए मार्ग पर चलकर हम सभी को उनकी भावना एवं शहादत का सम्मान करना चाहिए। इस दिशा में पंजाबी परिषद ने यह आयोजन कर सराहनीय पहल की है। हिमाचल प्रदेश से आए प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि 15वी शताब्दी में दस गुरू परंपरा के उदय ने भारत के इतिहास को दिशा दी। गुरू नानक देव जी से शुरू हुई इस परंपरा को गुरू तेगबहादुरजी ने भी बखूबी ढंग से आगे ब?ाया। गुरू परंपरा ने हिंदुस्तान की सनातन संस्कृति के संरक्षण में बहुत ब?ा योगदान दिया। भारतीय संस्कृति के संरक्षण का जो मार्ग गुरूनानक ने दिखाया था, उस मार्ग पर चलकर गुरू तेगबहादुर जी ने भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने कहा कि सप्तसिंधु कहे जाने वाले पंजाब में दस गुरू परंपरा का उदय हुआ था, जिसने पूरे हिन्दुस्तान खासतौर पर उत्तर भारत में क्रांतिकारी योगदान दिया। स्वागत उदबोधन राज्य शासन के संस्कृति विभाग से संबद्ध पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक श्रीमती नीरू सिंह ज्ञानी ने दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना पर डॉ. एम एस भल्ला ने प्रकाश डाला।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478